Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 183 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 09 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दो दिल का अस्त या एकमेव रूप हो जाने का नाम दोस्त है।

Decline two hearts or their inification is named as friend.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम आवास दिखाने पहुंचे 'आप' नेताओं को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह अपने कुछ कार्यकर्ताओं और मीडिया के लोगों के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के लिए निकले थे। जिन्हें पुलिस ने वहां पहुंचने से पहले ही रोक लिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता वहीं धरने पर बैठ गए। काफी देर तक वहां पर बैठने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री आवास के लिए रवाना हुए हैं। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पुलिस वालों से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमें ऊपर से आदेश मिला है और हम आपको मकान के अंदर नहीं जाने दे सकते।

### असम के उमरंगसो कोयला खदान से एक शव बरामद

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के दिमा हसाओ जिले के उमरांगसो इलाके में कोयला खदान में फंसे मजदूरों में से एक का शव पैरा गोताखोरों ने बरामद कर लिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीएम सरमा ने कहा, 21 पैरा गोताखोरों ने कुएं के तल से एक शव बरामद किया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बचाव अभियान जोरों पर है और सेना तथा एनडीआरएफ के जवान कुएं में उतर गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने बालोद जिले में 141 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

## अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुशासन पहुंचाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध : विष्णुदेव साय

**बालोद में सर्वसुविधायुक्त 400 सीटर ऑडिटोरियम और नालंदा परिसर का होगा निर्माण : मुख्यमंत्री**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** हमने अटल जी की स्मृति में वर्ष 2025 को अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। इस वर्ष गुणवत्तायुक्त विकास कार्य पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास मूलमंत्र के साथ हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि अपने क्षेत्र के विकास और निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें और विकसित छत्तीसगढ़ राज्य बनाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के ग्राम जुगेरा में आयोजित 141 करोड़ रूपए के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई संसाधन और सड़कों के रखरखाव पर फोकस करते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुशासन पहुंचाने प्रतिबद्ध है। भारतीय प्राचीन ग्रंथों में जिसे रामराज्य कहा गया है, वही तो सुशासन है। सुशासन का सूर्योदय हो गया है, यह सब आप लोगों के स्नेह और अपार जनसमर्थन से यह संभव हो सका है। हमें विश्वास है कि आप सबका भरोसा अटूट रहेगा। सभी मिलजुलकर विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने बालोद जिले के ग्राम जुगेरा में आयोजित कार्यक्रम में 141 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर बालोद में 400 सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण और जुगेरा स्थित बंजारी माता मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा में विस्तार के लिए डोम सेट निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही बालोद में नालंदा परिसर का निर्माण होगा, इसकी स्वीकृति भी मिल चुकी हैं। उन्होंने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर के रूप में सेवा दे रही बालोद के ग्राम जमरूवा निवासी वीणा साहू की सराहना करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री साय ने धमतरी में स्वामित्व कार्डो के वितरण का किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री ने 268 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** हमने छत्तीसगढ़ में नागरिक सुविधाओं को सुगम एवं सशक्त करने के लिए डिजिटल गवर्नेंस के मॉडल को अपनाया है। सभी विभागों में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों का उपयोग किया जा रहा है जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुगमतापूर्वक योजनाओं की पहुंच आसानी से हो सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज धमतरी जिले में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में उक्त बात कही। कार्यक्रम में उन्होंने 268 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वामित्व कार्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवास करने वाले ग्रामीणों की बड़ी समस्या आज दूर हो रही है। इन लोगों को आबादी भूमि पर स्वामित्व के पक्के दस्तावेज मिल रहे है। दस्तावेज नहीं होने के कारण अक्सर विवाद की स्थिति में मामले न्यायालयों में सालों-साल लंबित रहते थे। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस समस्या को समझा और उसे दूर करने के लिए तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत को महाशक्ति बनना है तो भारत को तकनीक दृष्टि से सक्षम होना ही पड़ेगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द कश्मीर में जेड-मोड़ सुरंग का करेंगे उद्घाटन करेंगे






**श्रीनगर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। सुरंग के माध्यम से सोनमर्ग तक हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 13 जनवरी को यहां आएंगे और जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक रोड को बाईपास करेगी, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पूरे साल हिल स्टेशन पर आने की सुविधा मिलेगी।

गगनगीर-सोनमर्ग खंड भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण बंद हो जाता है, जो हर साल इस क्षेत्र में होता है। जेड-मोड़ सुरंग जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है।

पहले जो रोड उपयोग में थी, वह हिमस्खलन से प्रभावित थी और अक्सर कई महीनों तक बंद हो जाती थी। लेकिन जेड-मोड़ सुरंग सोनमर्ग पर्यटक शहर को सभी मौसमों में जोड़ने वाली सुविधा प्रदान करती है। इस 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग को पार करने में केवल 15 मिनट लगते हैं, जबकि पहाड़ियों पर ऊपर-नीचे टेढ़े-मेढ़े रास्ते से यात्रा करने में घंटों लगते थे।

साथ ही यह, पास की जोजी-ला सुरंग के साथ, श्रीनगर-लेह हाईवे पर यह भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सुरंग बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख क्षेत्र के अन्य स्थानों को साल भर मौसम-रहित कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इससे सैन्य रसद में भी वृद्धि होगी और पर्यटन तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। सोनमर्ग को सभी मौसमों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के अलावा, यह सुरंग स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में मदद करेगी और क्षेत्र में पर्यटन तथा संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देगी। यह 31 सड़क सुरंगों में से एक है, जिनमें से 20 जम्मू-कश्मीर में और 11 लद्दाख में हैं। सुरंग का निर्माण 2018 में शुरू हुआ था। 20 अक्टूबर 2024 को सुरंग के कर्मचारियों पर आतंकवादी हमला हुआ था। दो आतंकवादी गगनगीर में श्रमिकों के शिविर में

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला, राजघाट में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती।

## चीन में फिर बने करोना जैसे हालात, HMPV वायरस से वुहान में स्कूल बंद

**डब्ल्यूएचओ ने वायरस पर मांगी रिपोर्ट**



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन का नया वायरस 'ह्यूमन मेटान्यूमो' से दुनिया सहम गई है। हालात यहां तक पहुंच गए है कि वुहान में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। यहां 10 दिन में एचएमपीवी के मामले 529प्रतिशत बढ़े हैं। बच्चों में बढ़ते मामलों को देखते हुए ही ये फैसला लिया गया है।

चीन में वायरस से हड़कंप मचा हुआ है। एंटीवायरल ड्रग की भारी कमी है। एंटीवायरल ड्रग की ब्लैक मार्केटिंग शुरू हो गई है। हालत ये हो गई है कि एंटीवायरल ड्रग 41 डॉलर में बिक रहे हैं। वायरस के बढ़ते मामलों से डब्ल्यूएचओ भी टेंशन में आ गया है। उसने चीन से एचएमपीवी की पूरी जानकारी मांगी है। चीन अभी तक एचएमपीवी मामलों पर जानकारी छुपा रहा है। दुनियाभर में एचएमपी वायरस तेजी से फैल रहा है। भारत, मलेशिया, जापान, कजाकिस्तान में मामले बढ़ रहे हैं। ब्रिटेन में भी संक्रमण फैल रहा है। चीन के इस नए वायरस से पूरे स्पेन में कोहराम मचा हुआ है, मिले 600 से ज्यादा 'इन्फ्लुएंजा A' के केस मिले हैं। वहीं, भारत में अब तक 5 राज्यों में 8 केस मिल चुके हैं। महाराष्ट्र में 2 मामले मिले हैं। यहां 13 साल की लड़की और 7 साल का बच्चा संक्रमित मिला है। दोनों बच्चे बुखार के बाद इस वायरस से संक्रमित पाए गए। कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी केस मिले हैं।

## सौम्या चौरसिया को मिली जमानत, लेकिन अभी रहेंगी जेल में

**रायपुर (आरएनएस)।** लंबे समय से जेल में बंद सौम्या चौरसिया को कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट से सौम्या चौरसिया की जमानत मिल गई है। हालांकि अभी वे बाहर नही आयेंगी और जेल में ही रहेंगी। सौम्या चौरसिया को आय से अधिक संपत्ति मामले में नियत समयावधि में चार्जशीट दाखिल न होने पर एसीबी/ईओडब्लू स्पेशल कोर्ट ने जमानत दे दी है किंतु सौम्या चौरसिया अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगी क्योंकि उनके विरुद्ध कोल लेव्ही का केस चल रहा है। बता दें कि एसीबी/ईओडब्लू कोर्ट में न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी के समक्ष सौम्या चौरसिया के अधिवक्ता फैजल रिज़्वी ने 7 जनवरी को ज़मानत आवेदन पेश किया था। अधिवक्ता के आवेदन में बताया कि नियत समयावधि साठ दिन हो चुके हैं।

## नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में आया 7.1 तीव्रता का भूकंप, 126 लोगों की मौत, 1000 से अधिक घर ढह गए



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में आए 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में 126 लोगों की मौत और 188 लोगों के घायल होने की खबर है। इस भूकंप 1000 से अधिक घर ढह गए हैं।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप मंगलवार सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिज़ांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मौत शिज़ांग शहर में ही हुई हैं, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं और कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप के झटके पूरे उत्तर भारत में भी महसूस किए गए, जिससे बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और दिल्ली-एनसीआर जैसे इलाके प्रभावित हुए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और वे अपने घरों से बाहर निकल आए। वहीं भारत में अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है।

शुरुआती भूकंप के बाद दो झटके आए । सुबह 7:02 बजे (आईएसटी) 4.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.60 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.68 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था और दूसरा 4.9 तीव्रता का भूकंप सुबह 7:07 बजे (IST) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.68 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.54 डिग्री पूर्व में 30 किलोमीटर की गहराई पर था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने भूकंप का स्थान नेपाल-तिब्बत सीमा के पास लोबुचे से 93 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में बताया। लोबुचे खुंबू ग्लेशियर के पास स्थित है, जो काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में और एवरेस्ट बेस कैंप से 8.5 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है।

## वी. नारायणन होंगे इसरो के नए प्रमुख, 14 जनवरी को लेंगे एस. सोमनाथ का स्थान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वह 14 जनवरी को इसरो के मौजूदा प्रमुख एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। इसरो के एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक नारायणन वर्तमान में केरल के वलियामाला में लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, नारायणन ने इसरो में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्हें मुख्य रूप से रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन का विशेषज्ञ माना जाता है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, नारायणन को अगले दो वर्षों तक इन भूमिकाओं में सेवा देने के लिए नियुक्त किया गया है।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 14 जनवरी, 2025 से दो साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष के रूप में वी. नारायणन, निदेशक, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, वलियामाला की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नवीन स्थानांतरण नीति होगी लागू

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में गृह विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में महानदी भवन, मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुवा, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिनभर चली इस मैराथन बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पुलिस विभाग के विभिन्न शाखाओं के कार्यों पर गहन चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी एसओपी के पालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और दोषी पाए जाने पर उनकी संपत्ति को तत्काल कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी इस अवैध कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत बर्खास्तगी सहित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

- **उपमुख्यमंत्री ने कहा- अधिकारी एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी एसओपी का पालन सख्ती से करें**
- **नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर संपत्ति को तत्काल कुर्क करें**
- **शहीद जवानों के परिवारों को प्राथमिकता देते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का होगा तत्काल निराकरण**

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नवीन स्थानांतरण नीति को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए, जिससे विभागीय कार्यक्षमता में सुधार हो सके। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के परिवारों को प्राथमिकता देते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शहीद हुए जवानों के अमर बलिदानी स्मारक का निर्माण उनकी परिवार की सहमति से प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि उनकी शहादत का सम्मान हर स्तर पर सुनिश्चित हो। चिटफंड कंपनियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कंपनियों की शेष संपत्तियों की जल्द नीलामी की जाए और उससे प्राप्त राशि को प्रभावित निवेशकों के बीच शीघ्रता से वितरित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिटफंड घोटालों से प्रभावित प्रत्येक हितग्राही को न्याय सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी और संरचनात्मक सुधारों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में 17 जिलों में डायल 112 सेवा के विस्तार, राज्य स्तरीय साइबर थाने की कार्यप्रणाली और साइबर अपराधों पर नियंत्रण को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

## द.पू.म. रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा बिलासपुर-रायपुर खंड का निरीक्षण

**कहा- यात्रियों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न आने दें**






**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने आज दिनांक 08 जनवरी 2025 बिलासपुर-रायपुर खंड का विंडो ट्रॉली निरीक्षण किया एवं रायपुर स्टेशन पर चल रहे मेजर रि-डेवलपमेंट का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने माननीय श्री रमन डेका राज्यपाल-छत्तीसगढ़ से राजभवन में सौजन्य मुलाकात की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चल रहे रेलवे के विकासात्मक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों पर माननीय राज्यपाल छत्तीसगढ़ महोदय से बेहतर यात्रीसेवा और प्रदेश के विकास के लिए चल रहे अनेकों रेल परियोजनाओं पर समन्वय ट्रेनों के बेहतर परिचालन पर चर्चा की।

इसके पश्चात महाप्रबंधक महोदय ने सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए रायपुर स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया एवं रायपुर स्टेशन के पुनर्विकास के मॉडल कार्यों के ले-आउट प्लान का भी अवलोकन एवं कार्य में प्रगति की समीक्षा की।

**द.पू.म. रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने राज्यपाल रमन डेका से शिष्टाचार भेंट की**

उन्होंने संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने रायपुर मंडल सभागार में मंडल रेल प्रबंधक और मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने रायपुर मंडल में चल रहे रेल विकास कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने इन निरीक्षणों के दौरान रेलवे कार्यों में और भी अधिक दक्षता और प्रगति लाने पर जोर दिया।

रायपुर स्टेशन पर कार्यरत 13बी ट्रैकमेन गैंग के सदस्यों से उनके कार्य प्रणाली पर चर्चा की, पैनल रूम का निरीक्षण किया, गाड़ियों के क्रॉसिंग की जानकारी ली, ट्रेनों के मूवमेंट की सजगता, यात्रियों की सेफ्टी के अहम पहलुओं पर कार्यरत स्टेशन स्टाफ से चर्चा की। चालक परिचालक लॉबी भी लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर से ट्रेन परिचालन के सरंक्षा मापदंडों को लेकर चर्चा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद सहित बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष सहित रायपुर रेल मंडल के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 27 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत गायत्री मंदिर बलौदाबाजार में विवाह का आयोजन किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार एवं लवन अंतर्गत कुल 27 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे जिसमें विवाहित जोड़ों को 35 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। उपस्थित जनप्रतिधियों ने नवविवाहित जोड़ो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें व आशीर्वाद दिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, जनपद सदस्य, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, परियोजना अधिकारी बलौदाबाजार श्रीमती सरस्वती चंद्रवंशी तथा बलौदाबाजार एवं लवन के समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को केबिनेट मंत्री का दर्जा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज को केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है। डॉ.सलीम राज को केबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने पर प्रदेश के वक्फ संस्थाओं के मुतवल्ली एवं पदाधिकारियों, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ शासन द्वाराझलमला जलाशय के कार्यों के लिए 1.96 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन ने रायगढ़ जिले के विकासखंड पुसौर के अंतर्गत झलमला जलाशय के मरम्मत कार्य के लिए एक करोड़ 96 लाख 14 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्य को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

## मंत्री केदार कश्यप ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा, कहा- कार्यों में लेट-लतीफी व लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग के विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही निविदा की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद समय-सीमा के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी व लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप ने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत कार्यों की निविदा की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया को पूर्व बैठक में दिए गए निर्देश के अनुरूप लक्ष्य लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2024 तक के निविदा कार्य आदेशों को स्थानीय निकाय चुनाव आचार संहिता के पूर्व संपन्न किया जाए, साथ ही उन्होंने समय-समय पर कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में मंत्री श्री केदार कश्यप ने पुनरक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाने के कारण लंबे समय से अपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति हेतु मंत्री परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव तत्काल शासन को प्रस्तुत करने कहा है ताकि समय में योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त कर संबधित कार्यों को पूर्ण किया जा सके।

मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। महानदी से इंद्रावती नदी को जोड़ने वाली परियोजना को गोदावरी कावेरी लिंक परियोजना में शामिल करने के लिए एनडब्ल्यूडीए को प्रस्ताव भेजने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बांध सुरक्षा अधिनियम से संबंधित कार्यों एवं भूजल स्मार्ट मीटर लगाने हेतु ईओआई बुलाने का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करें। बैठक में मंत्री श्री केदार कश्यप ने सिकासर बांध से कोडार बांध को जोड़ने के कार्य सर्वेक्षण एक माह के भीतर पूर्ण करने हेतु डीपीआर शासन को प्रेषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जगदलपुर में मुख्य अभियंता कार्यालय हेतु वित्त विभाग से अनुमोदन हो चुका है। तत्काल आवश्यक औपचारिकता पूर्ण कर बस्तर वासियों को मुख्य अभियंता कार्यालय प्राप्त होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जल सूचना केंद्र (स्टेट वॉटर इनफॉर्मेशन सेंटर) की स्थापना की जाएगी। जिसके लिए 22 पदों की सहमति वित्त विभाग से प्राप्त हो चुकी हैं। समस्त औपचारिकता पूर्ण कर कार्यालय प्रारंभ किया जायेगा।

## पावर हाउस सर्कुलर मार्केट के पास बनेगा आधुनिक सुविधा युक्त शौचालय




**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का पावर हाउस एक प्रमुख मार्केट है, जिसमें सब्जी मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, हार्ड वेयर लाईन आदि जगहो पर हजारो नागरिक आते जाते है। दुकानो में काम करने वाले भी बहुत सारे व्यापारी कर्मचारियो के लिए सुविधा युक्त शौचालय की आवश्यकता थी। पूर्व में शौचालय निर्मित है और आवश्यकता को देखते हुए, चेम्बर आफ कामर्स के प्रतिनिधियों द्वारा केवल महिलाओं के लिए शौचालय का मांग किया जा रहा था। जिससे सबको प्रसाधन की सुविधा मिल सकें। वहां पर एक पिंक टॉयलेट बनाया जाएगा जिसका इस्तेमाल केवल महिलाएं करेंगी।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त सतीश यादव एवं संबंधित अधिकारियो को लेकर पावर हाउस मार्केट का दौरा किये। निगम के पुराने शौचालयो का भी निरीक्षण किये, कहां पर नवीन शौचालय बनाया जाये, जो सबके लिए सुविधाजनक होगा। सभी नागरिक उसका लाभ ले सकें। चर्चा के दौरान आया कि रोजगार कार्यालय, सीएसपी थाने के पीछे, सब्जी मंडी के तरफ एवं बीएसपी बाल मंदिर वार्ड क्रं. 36 के पास, व्यापारियो का मांग है कि सर्कुलर मार्केट के समीप एक युरिनल बनाया जाए। इसके निर्माण के लिए भी निर्देश दिये है। इन सभी जगहो का चयन करके संबंधित कार्यवाही शीध्र की जायेगी। केवल महिलाओं को इस्तेमाल करने के लिए शौचालय भी बनेगा।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उपअभियंता शंकर मरकाम, स्वास्थय अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी आदि उपस्थित रहे। सभी को समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक कार्य को पूर्ण करना है, सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।

## घर में सोलर पैनल लगवाके प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठावें




**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्रेडा एवं सोलर पैनल लगाने वाले एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। किस प्रकार से हम सब अपने घरो में सोलर पैनल लगवाके इस योजना का लाभ ले सकते है। उपस्थित सदस्यो द्वारा यह बताया गया कि प्रतिमाह 300 युनिट बिजली तक की योजना का लाभ लेने पर 78000 हजार तक सब्सिडी आवश्यकतानुसार सस्ते ब्याज दर पर बैंको द्वारा लोन भी प्रदान किया जा रहा है। 0 से 2 किलो वाट तक अनुदान 30 हजार से 60 हजार तक, 150 से 300 खपत युनिट तक सोलर प्लांट 2 से 3 किलो वाट पर 60 हजार से 78 हजार तक एवं 300 युनिट खपत तक 3 किलो वाट से अधिक 78 हजार रूपये तक का सब्सिडी शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम के मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधिक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा अधिकारी कर्मचारियो की उपस्थिति में एजेंसी के सदस्यो से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। जैसे- सोलर पैनल लगाने पर यदि अतिरिक्त बिजली बचता है तो क्या करेगें। इस पर एजेंसी द्वारा बताया गया कि सी.एस.ई.बी. बचत बिजली को अपने यहां स्टोर करेगी, जब भी व्यक्ति को आवश्यकता होगी उसे प्रदान किया जायेगा। सब्सिडी के साथ जो लगवायेगा उसे 7 प्रतिशत ब्याज द्वारा बैंको द्वारा लोन भी प्रदाय किया जायेगा। एजेंसी के सदस्य लोगो के बीच में जाकर इसके लाभ के बारे में बता रहे है। आयुक्त पाण्डेय ने कहा यह शासन की बहुत अच्छी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियो अपने घर से लगाकर इसकी शुरूवात करनी चाहिए।

### राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 12 से 14 जनवरी तक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सामुदायिक सहभागिता में बढ़ोत्तरी और उन्हें राज्य की कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में जोड़ने के उद्देश्य से राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 12 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। युवा महोत्सव में जिला और ब्लॉक स्तर पर हुए युवा उत्सव के विजेताओं को इस राज्य स्तरीय आयोजन में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस महोत्सव में 13 प्रकार की विधाओं से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। युवा महोत्सव में सांस्कृतिक विधा में सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, लाईफ स्किल विधा में कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, युवा कृति विधा में विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, अन्य विधा में रॉकबैंड आदि प्रतियोगिताएं होंगी।


### समक्ष श्रीमान् पब्लिक नोटरी, रायपुर छ0ग0

**// शपथ पत्र //**

मैं, **शिवांगी कसार पिता श्री मुकेश कसार निवासी कंकालीपारा वार्ड क्र.- 44 रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0** निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि, मुझे **दिनांक 24.11.2016** को **एक पुत्री आव्या कसार पिता सन्नी वर्मा** का जन्म हुआ है जिसके संबंध में मेरी पुत्री के नाम से एक जन्म प्रमाण **पत्र क्र.- 2016-01-030041 दिनांक 30.12.2016** जारी किया गया है।

2. यह कि, मेरी पुत्री के नाम से जारी सक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी **पुत्री का नाम पाखी वर्मा पिता सन्नी वर्मा अंकित है,** तथा **माता का नाम शिवांगी कसार** अंकित है।

3. यह कि, चूंकि मेरा विवाह विच्छेद हो चुका है तथा विवाह विच्छेद के अनुसार उक्त पुत्री मेरे साथ निवासरत् है जिसके कारण मैं अपनी पुत्री का सही एवं वास्तविक **नाम आव्या कसार तथा मेरा तलाक पश्चात् नाम शिवांगी कसार** दर्ज कर संशोधित जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु यह शपथ पत्र उक्त कथनों के सत्यता में प्रस्तुत कर रही हूँ।

मुहर

**शपथकर्ती**
**आव्या कसार**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./17312/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17312**
**वार्ड का नाम-35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224A0199A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAKILA BEGAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL SALAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सरफराज डगली** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सालेह मोहम्मद डगली** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./17311/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17311**
**वार्ड का नाम-35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224A00199** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAKILA BEGAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL SALAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहसिन खान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मोहम्मद रफीक** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक 37/लो.क.वि./न.पा.नि./ जोन क्र. - 02 /2024 — रायपुर दिनांक, 07/01/2025

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम / अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा अ में सील बंद निविदायें तथा लिफाफा ब में एफ. डी. आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 24.02.2025 को संध्या 4:00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है निविदा प्रपत्र दिनांक 28.01.2025 को संध्या 4:00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक - 02 में जमा किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिवस को संध्या 5:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित राशि रू. (लाख में) | अमानती राशि | समयावधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर उद्यान में किनारे से पाथवे, सड़क एवं नाली निर्माण। | 19.00 | 19000=00 | 03 माह | सामान्य |
| 2 | शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर विभिन्न स्थानों पर नाली सीमेंटीकरण एवं अन्य विकास कार्य। | 17.15 | 18000=00 | 03 माह | सामान्य |
| 3 | दानवीर भामाशाह वार्ड क्र. 26 अंतर्गत सतनामी पारा गुढ़ियारी गोसाई बाड़ा के पीछे स्थित सामुदायिक भवन का सौन्दर्याकरण कार्य। | 10.00 | 10000=00 | 03 माह | सामान्य |

1. निविदा संबंधी अन्य शर्त एवं जानकारी जोन क्र. 02 कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, शहीद स्मारक स्कूल परिसर, बीएसएनएल ऑफिस के पास, के. के. रोड, रायपुर से कार्यालय अवधि /दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र वाहन को देवे।**

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. 02**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्र. /17310/ न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17310**
**वार्ड का नाम- 60 - चंद्रेशखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR653C00096** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KISHAN PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PANNA BAI PAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PANNA BAI PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LATE KISHAN PAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **DEATH CERTIFICATE & SAPATH PATRA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्र. /17308/ न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17308**
**वार्ड का नाम- 60 - चंद्रेशखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652F1076A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. LALLI NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN KUMAR NISHAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **URMILA PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAMSWARUP PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्र. /17307/ न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17307**
**वार्ड का नाम- 60 - चंद्रेशखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652E00026** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOHMMAD SAJID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL MAJID** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD DANISH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAMMAD JAHANGIR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./15874/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15874**
**वार्ड का नाम-15-ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L00095** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BEDIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PERGNIHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 **सन्तु यादव** 2 **संतराम यादव** 3 **समारू यादव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. परधनिया यादव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./16389/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 16389**
**वार्ड का नाम-64-विपिन बिहारी सूर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR662I00015** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJU TANDI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANGAD TANDI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **हरि तांडी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. अंगद तांडी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आपसी सहमति** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./16282/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 16282**
**वार्ड का नाम-29- गुरू गोविंद सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334D00318** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. RAJWANTIN BAI D/O LATE WANWALIRAM, SMT. KAMLA BAI D/O RAJWANTIN BAIK** पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री रवि कुमार पारधी** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री गणेश राम पारधी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./17251/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 08-01-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17251**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332A00153** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. SUSHMA SHARMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O RAMESHWAR DAYAL SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री राजेश्वर दयाल शर्मा** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - श्री आर. सी. शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 690 दिनांक 08-01-2025**
**वार्ड का नाम- गोवर्धन वार्ड**
**वार्ड क्र. 14 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 14 मांग **पंजी क्र. 365 युआईडी 18448** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **श्याम कुवर / जगतु निषाद** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **श्याम बाई निषाद/ लक्ष्मण निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **07-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

# कलेक्टर,एसपी ने ली बैठक, कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर हुई चर्चा





**कोरिया(विश्व परिवार) ।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कानून व्यवस्था और सुरक्षा के मुद्दों पर गहरी चर्चा की गई। कलेक्टर त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से सजगता के साथ काम करने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति के उत्पन्न होते ही तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, त्योहारों और विशेष आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी निगरानी में रखा जाए। इसके अलावा, कलेक्टर ने पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुर्रे ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क सुरक्षा के उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान करने और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों का निरीक्षण करने के आदेश दिए। इसके अलावा, सड़क यातायात में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। कलेक्टर ने दुपहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने, चार पहिया चालको को शीट बेल्ट धारण करने की अपील की। उन्होंने सभी वाहन चालको से कहा कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं ताकि जान-माल सुरक्षित रह सकें। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब बिक्री, नशा के खिलाफ अधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, कॉलेज, अस्पताल व सभी शासकीय कार्यालय के 100 मीटर के अंदर तम्बाकू गुटखा बिक्री करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुलिसकर्मियों से कहा कि पुलिस गश्त लगातार करें ताकि अपराधियों के खिलाफ अंकुश लगे रहे। पुलिस अधीक्षक ने ओव्हर लोडिंग वाहनों, स्कूली बस, ऑटो की जांच करने के निर्देश दिए। एसपी ने बैकुंठपुर में बस, ऑटो स्टॉप के लिए उचित जगह चिन्हित करने का सुझाव दिया ताकि यातायात सुगम रह सके। बैठक के अंत में, अधिकारियों को जिले की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर, डीएसपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सूरजपुर का आरक्षण की घोषणा राजनीतिक तापमान बढ़ना शुरू

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार** आज सूरजपुर जिला पंचायत का आरक्षण की घोषणा कर दी गई। उक्त आरक्षण तालिका के अनुसार सूरजपुर क्रमांक -1-सामान्य महिला, सूरजपुर-2-एस सी महिला, सूरजपुर-3-सामान्य
सूरजपुर-4-एस टी महिला
5 ओड़गी-1-एस टी महिला
6 ओड़गी-2-एस टी
7 भैयाथान-1-सामान्य,
8 भैयाथान-2-सामान्य
9 प्रेमनगर-एस टी महिला,
10 प्रतापपुर-1-एस टी
11 प्रतापपुर-2-एस टी,
12 प्रतापपुर-3-एस टीमहिला,
13 रामानुजनगर-1-सामान्य महिला,1 4,रामानुजनगर-2-सामान्य महिला एवं 15 रामानुजनगर-3-एस टी के नाम आरक्षित की गई है।



निर्वाचन जानकारी

| क्र | जिला पंचायत का नाम | 2019-20 निर्वाचन क्षेत्र का नाम व क्रमांक | आरक्षण प्रवग अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.व | महिला मुक्त | 2024-25 निर्वाचन क्षेत्र का नाम व क्रमांक | आरक्षण प्रवग अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सूरजपुर | 2 सूरजपुर द्वितीय | अनारक्षित | महिला | 2 सूरजपुर द्वितीय | अ.जा. |
| 2 | | 4 सूरजपुर चतुर्थ | अ.ज.जा. | मुक्त | 4 सूरजपुर चतुर्थ | अ.ज.जा. |
| 3 | | 5 ओड़गी प्रथम | अ.ज.जा | मुक्त | 5 ओड़गी प्रथम | अ.ज.जा. |
| 4 | | 6 ओड़गी द्वितीय | अ.ज.जा | महिला | 6 ओड़गी द्वितीय | अ.ज.जा. |
| 5 | | 9 प्रेमनगर प्रथम | अ.ज.जा | मुक्त | 9 प्रेमनगर प्रथम | अ.ज.जा. |
| 6 | | 10 प्रतापपुर प्रथम | अ.ज.जा | महिला | 10 प्रतापपुर प्रथम | अ.ज.जा. |
| 7 | | 11 प्रतापपुर द्वितीय | अ.ज.जा. | महिला | 11 प्रतापपुर द्वितीय | अ.ज.जा. |
| 8 | | 12 प्रतापपुर तृतीय | अ.ज.जा | मुक्त | 12 प्रतापपुर तृतीय | अ.ज.जा. |
| 9 | | 15 रामानुजनगर तृतीय | अ.ज.जा | महिला | 15 रामानुजनगर तृतीय | अ.ज.जा. |
| 10 | | 7 भैयाथान प्रथम | अ.जा | महिला | 7 भैयाथान प्रथम | अनारक्षित |
| 11 | | 1 सूरजपुर प्रथम | अन्य पिछड़ा वर्ग | मुक्त | 1 सूरजपुर प्रथम | अनारक्षित |
| 12 | | 8 भैयाथान द्वितीय | अन्य पिछड़ा वर्ग | महिला | 8 भैयाथान द्वितीय | अनारक्षित |
| 13 | | 3 सूरजपुर तृतीय | अनारक्षित | महिला | 3 सूरजपुर तृतीय | अनारक्षित |
| 14 | | 13 रामानुजनगर प्रथम | अनारक्षित | मुक्त | 13 रामानुजनगर प्रथम | अनारक्षित |
| 15 | | 14 रामानुजनगर द्वितीय | अनारक्षित | मुक्त | 14 रामानुजनगर द्वितीय | अनारक्षित |

आरक्षण की घोषणा होते हैं और राजनीतिक सरगर्मी या तेज होगी सभी पार्टी के नेता अपने प्रत्याशियों की जीत की गुणा गणित एवं जातीय समीकरण बनाने में लगे हुए।

## डीजल लापरवाही पूर्वक नापजोख करने के मामले में 3 व्यक्ति के गिरफ्तार, 80 लीटर डीजल जप्त



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में आज थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम पोड़ी स्थित एक टायर दुकान के पास कुछ व्यक्ति ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखकर लापरवाही पूर्वक नापजोख कर रहे है जिससे मानव जीवन के लिए संकट उत्पन्न हो सकता है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंची जहां 3 व्यक्ति क्रमश: विकलेश दोहरे पिता छुन्नूलाल उम्र 24 वर्ष ग्राम चंदौरा, विशाल तिवारी पिता पारसनाथ तिवारी उम्र 20 वर्ष ग्राम अलीनगर, थाना अलीनगर जिला चंदौली उत्तरप्रदेश, कौशल कुशवाहा उर्फ सोनू पिता रामसूरत कुशवाहा उम्र 27 वर्ष ग्राम सरहरी, थाना प्रतापपुर को 80 लीटर डीजल को लापरवाही पूर्वक पाईप से नापजोख करते मिले जिनसे वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किये। आरोपियों का कृत्य धारा 287, 3(5) बीएनएस का पाए जाने पर 80 लीटर डीजल जप्त कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक रजनीश तिवारी व अन्य सक्रिय रहे।

## कलेक्टर अजीत वसंत ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा(विश्व परिवार) ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपने शिकायतों के समाधान के लिए आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में भूमि सीमांकन के आवेदनों को गम्भीरता से लेते हुए सभी तहसीलदारों को सीमांकन के सभी आवेदनों को अभियान चलाकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत हुए जनहानि में राहत राशि दिलाने, मुआवजा भुगतान, क्षतिपूर्ति, अतिक्रमण हटवाने, अनियमितता की जांच, पुलिस सहायता दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति, आर्थिक सहायता मजदूरी भुगतान, मछली पालन के लिए सहायता, बिजली बिल में छूट सहित अन्य आवेदन शामिल है। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का उचित परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं का किया गया साईकिल वितरण

### खूब पढ़े आगे बढ़े मुख्यमंत्री की मंशा -रितेश जायसवाल



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-आज शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में कक्षा नवमी में अध्यनरत 150 छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। छात्राओं के लिए शासन की यह योजना वरदान साबित हो रही है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरूवात की गई है। सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। ये योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फबेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह आसान हुई है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजवंत सिंह के द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों के समक्ष पढ़ा गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता अविभाजित सूरजपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष अजय गोयल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रतिनिधि के रूप में संत कुमार साहू मौजूद रहे। इसके एसएमडीसी अध्यक्षा श्यामा पाण्डेय शिवनंदनपुर नगर पंचायत संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश सिद्दार,शितिकांत स्वाई,विश्रामपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, श्रीमती निर्मला यादव, विनय सिंह अशोक कुमार अग्रवाल,मोहिनी झा, दीपेंद्र सिंह चौहान, रितेश जायसवाल,अमरेश प्रसाद ,सूरज शेट्टी, दुर्गा गुप्ता, शनि मिश्रा, दिनेश सिंह, विनय सिंह, रवि शंकर बउवा मंचासीन रहे रहे। साइकिल वितरण के कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। मंच का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ रेखा लाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने किया।

# कलेक्टर विनय कुमार ने जन चौपाल में आत्मीयता से सुनी लोगों की समस्याएं



**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों से कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आत्मीय मुलाकात की और उनकी मांगों व समस्याओं को गौर से सुना। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत, सीईओ जिला पंचायत श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में आम जनों ने अपनी अलग अलग समस्याओं को लेकर कलेक्टर के हाथों आवेदन सौंपे। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम जीवतरा की श्रीमती ममता साहू ने मनरेगा कार्ड बनाने के लिए, ग्राम बेमचा की श्रीमती संतोषी वर्मा ने पीएम आवास दिलाने हेतु, नयापारा महासमुंद के श्री संतोष कुमार पटेल ने अपने दुकान के लिए विद्युत कनेक्शन हेतु, ग्राम मालीडीह के पुनीराम साहू ने खसरे में त्रुटि सुधार के लिए तथा ग्राम छपोराडीह के श्री अजीत यादव ने कब्जाशुदा जमीन का व्यवस्थापन का पट्टा प्रदाय करने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह आर्थिक सहायता राशि के लिए इमली भाटा महासमुंद की श्रीमती दीपा सेन, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम नर्रा के श्रीमती शुकून साहू एवं ग्राम डोंगर गांव के श्री गोपाल साहू ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा।

## करंट लगने से हाथी की मौत, सीएसईबी कर्मी पर कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार) ।** वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में करंट की चपेट में आकर एक हाथी की मौत हो गई। इस घटना में विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर हुई है। वन विभाग की जांच में पुष्टि हुई है कि गिद्धकुंवरी जंगल में जहां यह हादसा हुआ, वहां पहले से ही विद्युत व्यवस्था खराब थी। जांच के बाद सीएसईबी के सहायक ग्रेड-2 कर्मी गौतम आमटे को आरोपी बनाया गया है। स्थानीय लोगों और वन विभाग ने बताया कि करंट प्रवाह को लेकर पहले भी विद्युत विभाग को शिकायत दी गई थी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। लापरवाही के चलते हाथी को अपनी जान गंवानी पड़ी। हाथी की मौत से क्षेत्रीय लोगों में गुस्सा है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही न केवल वन्यजीवों के लिए बल्कि इंसानों के लिए भी खतरा बन गई है। लोगों ने इस घटना के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख की ठगी

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार) ।** एक युवती को सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख रूपये की ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई कि एक युवक ने उसे नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख रूपये ठग लिया तथा न नौकरी लगाई और न ही रकम वापस कर रहा है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में वह ऑफिसर ट्रेनिंग कोर्स हेतु हैदराबाद गई थी, जहां पर उसकी जान पहचान राकेश देवांगन उम्र 34 वर्ष निवासी नयापारा थाना हथबंद से हुई। उसी समय छत्तीसगढ़ प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड रायपुर द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर का विज्ञापन निकला था, जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नौकरी लगवा देने की बात किया गया तथा इसके एवज में 2 लाख 50 हजार रूपये की मांग किया गया। जिसमें प्रार्थिया द्वारा दिनांक 02.06.2023, 03.06.2023, 29.01.2024 एवं 22.02.2024 को अलग-अलग किस्तों में फोन-पे एवं बैंक अकाउंट में जमा आदि के माध्यम से कुल 2 लाख 45 हजार रूपये राकेश देवांगन को दिया गया था। किंतु इसके बाद भी प्रार्थिया की नौकरी नहीं लगी। और राकेश देवांगन पैसा भी वापस नहीं कर रहा है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 13/2025 धारा 420 भादवि, 66ष्ठ आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राकेश देवांगन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थिया से अलग-अलग किस्तों में 2,45,000 रकम लेना स्वीकार किया गया।

### सराफा व्यवसायी की हत्या से भयभीत हैं व्यापारी: महंत

**कोरबा(विश्व परिवार) ।** कोरबा में सराफ व्यवसायी गोपाल राय सोनी की रविवार की रात दो नकाबपोशों द्वारा की गई निर्मम हत्या की घटना पर चिन्ता जताते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने गहरा दुरूख प्रकट करते हुए अपनी संवेदना जताई है। डॉ. महंत ने कहा कि रविवार की देर शाम टीपी नगर कोरबा जैसे व्यस्ततम इलाके में घटित इस घटना ने व्यापारियों व आसपास के रहवासियों के साथ-साथ क्षेत्रवासियों को भयभीत कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने पुलिस प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि कोरबा क्षेत्र में इस तरह की वारदात करने वाले लोगों को जल्द पकड़ कर नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने की दिशा में काम करना नितांत आवश्यक है।

### कोरबी गांव में युवक पर जानलेवा हमला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के दूरस्थ गांव कोरबी में एक युवक पर अज्ञात व्यक्ति ने जानलेवा हमला कर दिया। गोली युवक की रीढ़ की हड्डी में जा धंसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान कृष्णा पांडे के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव के लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए घायल कृष्णा को कटघोरा के जीवांश अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और इलाज जारी है।

### कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनपद पंचायत के सीईओ की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छत भारत मिशन के तहत् शौचालय निर्माण, मनरेगा के कार्य, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान बगीचा और पत्थलगांव के जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास योजना के धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवास योजना के तहत् जिन हितग्राहियों को खाता नहीं खुला है उनका शीघ्र खाता खुलवाने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देश दिए। साथ ही आवास मित्रों के माध्यम से विकासखण्डों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यो में नियमित निगरानी करवाने के लिए कहा है। उन्होंने लंबित कार्यो की भी जानकारी ली और कार्यो का जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बतया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत् चिन्हांकित 1600 हितग्राहियों के घरों में शौलचालय निर्माण करवाया जाना है। उनकी जानकारी अपडेट करके कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए कहा है साथ ही ओडीएफके तहत मॉडल ग्राम बनाने हेतु जनपद पंचायत के सीईओ को दो-दो गांव, जिला कॉडिनेटर को दो गांव एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर को एक गावं गोद लेने के लिए कहा है।

# संपादकीय

## होंडा और निसान के विलय

होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण है- कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना। कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम है- कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना। पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं। यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है। अमेरिका और यूरोप में आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर सरकारों ने उन कंपनियों की मदद की है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हुआ है। विलय की रणनीति भी शायद नाकाफी ही हो। होंडा ने कहा है कि विलय का लाभ 2030 से पहले नहीं मिलेगा। लेकिन तब तक तकनीक और आगे निकल चुकी होगी। असल सवाल यह है कि मूल्य प्रतिस्पर्धा में चीनी कंपनियों को मिले लाभ का जवाब जब तक ये कंपनियां नहीं ढूंढतीं, ऐसे उपाय अपर्याप्त बने रहेंगे। अभी तो विलय प्रस्ताव को शेयर धारकों से मंजूरी दिलाने और विलय के परिणामस्वरूप श्रमिकों की छंटनी आदि जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटना ही बाकी है।

# नेताओं की बढ़ती संपत्ति से गरीबी का उपहास

योगेंद्र योगी

राज्यों में चाहे किसी भी दल की सरकारें हों, हर पार्टी सत्ता में आने के बाद यही दावा करती है कि भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाया जाएगा। सत्ता में आते ही यह वादा हवा हो जाता है। जब कभी कोई भ्रष्ट कार्मिक पकड़ा जाता है, तब सरकार यही दावा करती है कि किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, किंतु यह दावा कभी नहीं करती कि जिस विभाग का आरोपी पकड़ा गया है, वह विभाग अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुका है। देश में भ्रष्टाचार, गरीबी और भुखमरी के बीच नेताओं की बढ़ती हुई संपत्ति में बेशक सीधा कोई संबंध न हो किंतु सवाल तो उठना लाजिमी है भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती संपत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपए से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1, 630 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपए थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व.आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं।



मुख्यमंत्रियों की इस संपत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए संपत्ति के ब्योरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिर्टन में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की संपत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो। यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे करीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें करीब 54 फीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने संपत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी संपत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों के मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं, जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। वैश्विक निर्धारित गरीबी रेखा 3.65 डॉलर प्रति व्यक्ति है। भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है। भारत में गरीबी दर मिटाने के मामले में केरल सबसे आगे है। केरल में सिर्फ 0.71 प्रतिशत आबादी गरीब है। वहीं, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में गरीबी दर सबसे ज्यादा है। बिहार में 51.91 प्रतिशत, झारखंड में 42.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 के मुताबिक, भारत को 127 देशों में 105वां स्थान मिला। भारत अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से भी पीछे है। भारत में भुखमरी की वजह से अकसर मौत भी हो जाती है। भुखमरी के कारण बच्चों और वयस्कों में कुपोषण, बौनापन और दुर्बलता हो सकती है। भुखमरी सिर्फ भोजन तक सीमित नहीं है, यह सरकार की जरूरतमंद लोगों की मदद करने में विफलता को दर्शाता है। भारत में भुखमरी की समस्या मुख्य रूप से बिहार, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में है। इन राज्यों में से बिहार और उत्तर प्रदेश में भारत की कुल भूखी आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। भारत में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है, जिसके विभाग को सौ प्रतिशत भ्रष्टाचार से मुक्त कहा जा सकता है। राज्यों में चाहे किसी भी दल की सरकारें हों, हर पार्टी सत्ता में आने के बाद यही दावा करती है कि भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाया जाएगा। सत्ता में आते ही यह वादा हवा हो जाता है। जब कभी कोई भ्रष्ट कार्मिक पकड़ा जाता है, तब सरकार यही दावा करती है कि किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, किंतु यह दावा कभी नहीं करती कि जिस विभाग का आरोपी पकड़ा गया है, वह विभाग अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुका है। देश में भ्रष्टाचार, गरीबी और भुखमरी के बीच नेताओं की बढ़ती हुई संपत्ति में बेशक सीधा कोई संबंध न हो किंतु सवाल तो उठना लाजिमी है। यक्ष प्रश्न यही है कि करोड़ों की आबादी के पास दो वक्त का खाना नहीं है तो नेताओं की संपत्ति आखिर कैसे बढ़ रही है। ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है, जिनकी आर्थिक हैसीयत राजनीति में आने से पहले आम लोगों जैसी थी। किंतु जनप्रतिनिधी और मंत्री बनते ही उनकी संपत्ति में उछाल आ गया।

## आलेख

# सिकंदर का मुकद्दर एक उत्कृष्ट कृति

पंकज दुबे

निर्देशक नीरज पांडे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे थ्रिलर शैली के मास्टर हैं। सिकंदर का मुकद्दर' एक ऐसी हाइस्ट ड्रामा फिल्म है, जो रोमांचक और गहराई में जाकर सोचने पर मजबूर करती है। अविनाश तिवारी, जिम्मी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों की दमदार अदाकारी और कहानी की पकड़ दर्शकों को फ़िल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगी। घर बैठ कर अपनी सुविधा से ओटीटी पर फ़िल्में देखने का ट्रेंड पिछले साल भी अपने परवान पर रहा। फ़िल्मकारों के लिए भी ये ट्रेंड कई मायनों में वरदान साबित हुआ है। पहले जिस कंटेंट को परदे पर लाने के लिए फ़िल्मकारों को बड़े सितारों का इंतज़ार रहता था, अब उन्हीं कहानियों को बहुत उम्दा कलाकारों की मदद से फ़िल्मों में तब्दील करने की सुविधा बढ़ गई है। 2024 में ओटीटी पर आई सिकंदर का मुकद्दर' ऐसी ही एक कोशिश है। निर्देशक नीरज पांडे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे थ्रिलर शैली के मास्टर हैं। सिकंदर का मुकद्दर' एक ऐसी हाइस्ट ड्रामा फिल्म है, जो रोमांचक और गहराई में जाकर सोचने पर मजबूर करती है। अविनाश तिवारी, जिम्मी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों की दमदार अदाकारी और कहानी की पकड़ दर्शकों को फ़िल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगी। अपनी सफल फिल्मों जैसे ए वेडनसडे' और स्पेशल 26' की राह पर चलते हुए, नीरज पांडे ने एक ऐसी कहानी गढ़ी है, जो इंसानी महत्वाकांक्षा, नैतिकता और शक्ति पाने की कीमत पर गहराई से रोशनी डालती है। सिकंदर का मुकद्दर' उनकी जटिल कहानी बुनने की कला का प्रमाण है, जिसमें अप्रत्याशित मोड़, भावनात्मक गहराई और लगातार बढ़ता तनाव शामिल है, यही उनके निर्देशन को ख़ास बनाता है। फ़िल्म की कहानी सिकंदर (अविनाश तिवारी) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो एक चालाक और रहस्यमयी मास्टरमाइंड है। वह एक साहसिक डकैती की योजना बनाता है, जो उसका भाग्य हमेशा के लिए बदल सकती है। एक तेज़ी से बदलते और नैतिक दृष्टि से अस्थिर शहरी परिदृश्य में स्थापित यह कहानी धोखा, विश्वासघात और निराशा की परतों के साथ आगे बढ़ती है। जिम्मी शेरगिल इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक अनुभवी और ईमानदार पुलिस अधिकारी हैं। न्याय के प्रति उनकी निष्ठा उनकी ताकत और कमजोरी दोनों है। जसविंदर को सिकंदर को पकडने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, जिससे एक हाई स्टेक्स चूहे बिल्ली का खेल शुरू होता है। तमन्ना भाटिया का किरदार कहानी में गहराई लाता है, जो प्यार और वफादारी के बीच संघर्ष करती नजर आती हैं। वहीं दिव्या दत्ता अपने छोटे से ही लेकिन अहम् किरदार में बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन करती हैं। जैसे जैसे डकैती सामने आती है, वैसे वैसे किरदारों की ज़िंदगियों की निजी वजहें भी खुलने लगती हैं। हाल के दशकों में फ़िल्मों की कहानियों ने वास्तविक जीवन से एक काफ़ी अच्छी सीख ली है। पहले की फ़िल्मों में हीरो सर्वगुण सम्पन्न होते थे। उनमें कोई बुराई नहीं होती थी। लेकिन मौजूदा दौर में कई फिल्में ऐसी आती हैं, जिनका नायक एक संश्लिष्ट किरदार होता है। इन किरदारों में नायक और खलनायक के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। सिकंदर का मुकद्दर' की सबसे बड़ी ख़ासियत यह है कि यह अपने किरदारों को साधारण अच्छाई या बुराई तक सीमित नहीं रखती। नीरज पांडे ने ऐसे खामियों वाले पात्र दिखाए हैं, जो एक ऐसे समाज में नैतिकता के तरल स्वरूप को नेविगेट कर रहे हैं, जहां शक्ति की खोज अक्सर विनाशकारी कीमत के साथ आती है। नीरज पांडे की कहानी कहने की शैली सिकंदर का मुकद्दर' में पूरी तरह से झलकती है। फ़िल्म की शुरुआत एक तेज़ तर्रार दृश्य से होती है, जो फ़िल्म के तनावपूर्ण और अप्रत्याशित माहौल को तुरंत स्थापित करता है। इसके बाद कहानी धीरे धीरे सामने आती है, जिससे दर्शकों को पात्रों की मनोवैज्ञानिक गहराइयों में उतरने का समय मिलता है, जबकि सस्पेंस लगातार बना रहता है।

# दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बना मध्य प्रदेश

कमलनाथ

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आज़ादी नहीं पहुँची। वह गाँव आज़ाद नहीं है। आज़ादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल क़िले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है। एक तरफ़ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ़ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं। दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं। हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यादा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हें भी आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है। अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हज़ार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हज़ार 214 मामले दर्ज किए गए। ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज़्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है। एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2,521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। इन तीन सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदिवासियों के घर जलाए गए। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज बची ही नहीं है। राज्य में जो हत्याएं और यातनाएं हो रही हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बार-बार बेनकाब हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि पिछले तीन से चार साल में पांच लाख दलित और आदिवासी बहनें गायब हुई हैं। देश भर में साल 2022 में एसटी के खिलाफ अपराध के कम से कम 10,064 मामले दर्ज किए गए, जो 14.3त्न की वार्षिक वृद्धि है। इसके साथ ही प्रदेश में इस केटेगरी में क्राइम रेश्यो साल 2021 में 8.4 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 9.6 हो गया है। एससी अपराध की बात की जाए तो सामान्य चोट के 1607 मामलें और गंभीर चोट के 52 तो वहीं, हत्या के 61 मामले सामने आए है। देश का दुर्भाग्य है कि दलितों के साथ अपराध के मामलों में उच्च स्थान पर है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश में भाजपा पिछले 20 वर्षों से सत्ता में है। भाजपा का शासन दलित-विरोधी नीतियों और संविधान-विरोधी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अत्याचारियों को सजा देने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। यह लड़ाई अब केवल अन्याय के खिलाफ नहीं, बल्कि दलितों की गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। पूरी कांग्रेस पार्टी इन अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और हर दलित भाई-बहन को न्याय दिलाने के लिए हर संभव संघर्ष करेगी।

# विमान हादसों से कई तरह के सवाल उठा

रजनीश कपूर

ताजा विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे ज् हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए। सन् 2024 के आखरि़ी सप्ताह में एक के बाद एक कई विमान हादसों की खबर आई। इनमें कई बेक़सूर लोगों ने अपनी जान भी गवाई। परंतु जब भी कोई विमान हादसा होता है संबंधित जाँच विभाग दुर्घटना के कारणों की जाँच में जुट जाते हैं। ज़ाहिर सी बात है कि हादसे के जाँच होना तो लाज़मी है। परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जाँच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक़ लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं ताज़ा उदाहरण दक्षिण कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर हुए जेजु एयरलाइंस के हादसे का है। इस विमान में 179 यात्रियों और क्रू की दर्दनाक मौत हुई। दक्षिण कोरिया के एविएशन इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा व दर्दनाक हादसा माना जा रहा है। इस हादसे के पीछे पक्षी टकराने का कारण माना जा रहा है। परंतु एविएशन के विशेषज्ञों के मुताबिक़ केवल पक्षी के टकराने से इतना बड़ा हादसा नहीं हो सकता। ग़ौरतलब है कि जहां-जहां भी एयरपोर्ट बनते हैं वहाँ पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि किसी भी तरह के पक्षियों का बसेरा न बन पाए। एयरपोर्ट की व्यवस्था में जुटे विभाग इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि यदि किसी भी तरह के पक्षी एयरपोर्ट के आसपास दिखाई देते हैं तो वो न सिर्फ़ एटीसी को सावधान करते हैं बल्कि इस बात पर भी ध्यान देते हैं कि पक्षियों को वहाँ से दूर कैसे किया जाए। जेजु विमान हादसे का वीडियो देखने से यह बात स्पष्ट होती है कि विमान के लैंड होते समय विमान के लैंडिंग गियर खुल नहीं पाए। तेज़ गति के इस विमान को रनवे से फिसलते हुए एक कंक्रीट के ढाँचे में भिड़ते हुए देखा गया, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। दुनिया भर के एविएशन विशेषज्ञों द्वारा एक अन्य कारण पर भी



सवाल उठाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम को उपयोग में नहीं लाया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसे विमानों के डिज़ाइन में एक विशेषता है कि किसी भी आपात स्थिति में यदि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम काम नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में पायलट के पास एक इमरजेंसी गियर भी होता है जिसकी मदद से विमान के लैंडिंग गियर को खोला जा सकता है। ऐसा क्या कारण था जो कि इस फ्लाइट के पायलट ने लैंडिंग गियर को नहीं खोल पाया। विमान की बात करें तो इस विमान में भी अन्य विमानों की तरह दो इंजन थे। यदि पक्षी के टकराने से एक इंजन फेल भी हो गया तो भी विमान के पास इतनी पॉवर होती है कि वह उसे सुरक्षित लैंड करवा सके। लेकिन ऐसा क्या हुआ और क्यों हुआ यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगा। इस विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे मुनाफ़ा कमाने की मंशा से एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा से संबंधित किए जाने वाली नियमित जाँच-परख को केवल औपचारिकता के तहत ही कर रहे हैं क्या एयरलाइन के पायलट अपनी निर्धारित ड्यूटी को ही निभा रहे है या तय समय से अधिक, बिना ज़रूरी विश्राम के विमान को उड़ा रहे हैं यदि इनमें से किसी भी एक सवाल का उत्तर हाँ' है तो यह एक गंभीर विषय है जिसे हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए। भारत की बात करें तो हमें ऐसे अनेकों उदाहरण मिल जाएँगे जहां देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय और उसके अधीन डीजीसीए किस तरह मामूली सी चूक होने पर किसी एयरलाइन के क्रू को बहुत कड़ी सज़ा देता है और वहीं किसी एयरलाइन की बड़ी-से-बड़ी गलती को भी अनदेखा कर देता है। फिर चाहे वो कोई निर्धारित एयरलाइन कंपनी हो या निजी चार्टर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी। यदि मंत्रालय के भ्रष्ट अधिकारियों ने मन बना लिया है कि वो क़ानून की धज्जियाँ उड़ा कर उस कंपनी के प्रति अपनी वफ़ादारी साबित करेंगे, तो वे ऐसा ही करेंगे। एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफ़िक 5 गुना बढने की संभावना है। यदि इस क्षेत्र में हमें एक अच्छी पहचान बनानी है तो नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में परमपूज्य सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने शाल-श्रीफल भेंटकर सद्गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने सद्गुरु जी से सामाजिक और आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए विख्यात है। सद्गुरु ऋतेश्वर जी के मार्गदर्शन में यह परंपरा और सुदृढ़ होगी। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से सद्गुरु जी के सामाजिक और आध्यात्मिक प्रयासों में हरसंभव सहयोग की बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि साधु-संतों, मनीषियों की कृपा और मार्गदर्शन से हमारी सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

### सर्व धर्म सम्मेलन अजमेर में जैन समाज के प्रतिनिधि के रूप में कवि हृदय विकर्ष शास्त्री जी



**अजमेर ( विश्व परिवार )।** राजस्थान की धर्म नगरी अजमेर में आयोजिक सर्वधर्म सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न संप्रदाय के अनुयाई और नेतृत्व करने वाले संत गण उपस्थित रहे। वही जैन समाज का प्रतिनिधित्व सुप्रसिद्ध विद्वान कवि हृदय विकर्ष शास्त्री जी द्वारा किया गया। सर्व धर्म सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा उपस्थित रहे। कवि हृदय विकर्ष शास्त्री जी द्वारा सर्वधर्म सम्मेलन के अंतर्गत जैन प्रार्थना में मंगल भावना पढ़कर सर्व जगत के मंगल की कामना की और। अपनी बात सर्व धर्म के विभिन्न अनुयायियों के बीच रखी। सर्व धर्म सम्मेलन के अध्यक्ष श्री प्रकाश पाटनी जी द्वारा कवि हृदय शास्त्री जी का स्वागत सम्मान किया गया। यह सम्मेलन शांति सद्भाव और आपसी प्रेम वात्सल्य व्यवहार और संपूर्ण देश में सभी धर्म के लोग अपनी अपनी आस्था के साथ मानवता के मार्ग पर चलते हुए आपसी भाईचारा रखें ऐसी भावना के साथ संपन्न हुआ। अंत में मुख्य अतिथि भारत सरकार राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा सर्वधर्म समभाव का संदेश उपस्थित सभा में दिया गया।


### देशभर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर एकत्रित होंगे छत्तीसगढ़ के शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में, राष्ट्रीय पैथोलॉजिस्ट कान्फ्रेंस में होंगे शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ज़ोर दिया हैं। रायगढ़ के विधायक एवम् वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर स्वर्गीय श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा दिनांक 10 जनवरी से 12 जनवरी तक इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलाजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स के (कैप्कॉन 2024-25) छत्तीसगढ़ चैप्टर का तीन दिवसीय 20वाँ वार्षिक वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। छतीसगढ़ की परिस्थिति को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए इस कॉन्फ्रेंस का विषय अनलॉकिंग द सीक्रेट्स ऑफ डिजीज , एडवांसेज in पैथोलॉजी (पैथोलॉजी में रोगों की प्रकृति के रहस्यों को पता लगाना) स्वास्थ्य से संबंधित रखा गया है। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं पड़ोसी राज्य के समस्त चिकित्सक, पैथोलॉजिस्ट एवम् स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति की संभावना है। रायगढ़ में छत्तीसगढ़ चैप्टर इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलाजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स का पहला कॉफ्रेंसस होने जा रहा है।

## धर्मी होने की असल पहचान सही समझ, स्थिरता, सहनशीलता तथा सकारात्मकता का गुण हो : मुनिश्री प्रमाणसागर जी

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** धर्मी होने की असल पहचान यही है कि उसके अंदर सही समझ, स्थिरता, सहनशीलता तथा सकारात्मकता का गुण हो। उपरोक्त उद्गार मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज ने प्रगति स्कूल समृति नगर में प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि कमल जब तक अपनी नाल से जुड़ा रहता है, वह सूरज की प्रचंड किरणों के मध्य भी खिला रहता है, और नाल से संपर्क टूटते ही वह मुर्झा जाता है ऐसे ही जो व्यक्ति धर्म से जुड़ा रहता वह व्यक्ति हमेशा खिला-खिला रहता है जैसे कि आज आप लोग सब खिले-खिले नजर आ रहे हो।

मुनि श्री ने कहा कि दूसरा फूल है सूरज मुखी जो कि सूरज के आगमन से खिलता है और जिधर सूरज का मुख होता है उसी अनुसार अपना मुख मोड़ लेता है यदि आप चाहते हो कि आपका जीवन भी खिला खिला रहे तो अपना मुख सूर्य अर्थात धर्म की ओर मोड़ लो। मुनि श्री ने सुखी और दु:खी व्यक्ति की परिभाषा बताते हुये कहा कि संसार में सबसे सुखी व्यक्ती वही है जो इस संसार से पार हो गये और जो अभी तक संसार में है उन सभी को पूर्ण सुखी तो नहीं कह सकता। मुनि श्री ने कहा कि अच्छा आप लोग बताओ सुखी किसे मानते हो? जिसके पास अथाह दौलत हो जिसका समाज में खूब मान सम्मान हो गाडी़ बंगला हो, दास दासियाँ हों खूब ठाटबाट से रहता हो अथवा ऐसा व्यक्ति जो अमीर होंने के साथ साथ खूब दान करता हो पूजा पाठ में रूचि रखता हो धार्मिक हो नियम संयम से रहता हो, मुनि श्री ने कहा कि दान त्याग पूजा पाठ धन संपन्नता यह धर्म का बाहरी रुप तो हो सकता है, लेकिन धर्म का असली स्वरूप है अंतरंग की समता, जिसके अंदर समता आ जाती है उसके अंदर से आकुलता का अभाव हो जाता है तथा सही समझ विकसित होकर सकारात्मकता का गुण प्रकट हो जाता है। उन्होंने मेरी भावना की ये लाईन होकर सुख में मग्न न फूले, दु:ख में कभी न घबरावे इष्टवियोग अनिष्टयोग में, सहनशीलता दिखलावे मुनि श्री ने पुंछा क्या है आखिर सही समझ?



संसार मैं जितने संयोग है वह सभी नष्ट होंने बाले है जिसके अंदर यह समझ विकसित हो गई तो वह कभी विलखेगा नहीं मुनि श्री ने कहा धर्म हमें स्थिरता प्रदान करती है में एक मात्र दर्शन ज्ञान स्वभावी आत्मा हूं यह तत्वज्ञान हमें अंतरंग में स्थिरता प्रदान करता है। जैसे बच्चा बेलून से खेलते समय वह फूट जाता है तो रोने लगता है तब बड़े उस बच्चे को समझाते है कि वैलून तो होता ही फूटने के लिये है दूसरा ले आएंगे और वह बच्चा चुप हो जाता है। मुनि श्री ने कहा कि धर्म हमें सही समझ के साथ स्थिरता और सहनशीलता प्रदान करता है जिससे व्यक्ति की सोच सकारात्मक हो जाती है एवं वह विसंगति में भी संगति को देखना प्रारंभ कर देता है। उन्होंने कहा कि धर्म को एक मात्र क्रिया मत मानो वल्कि यह जीवन के रुपांतरण की प्रक्रिया है उन्होंने कहा कि आप लोग खूब अभिषेक पूजन स्वाध्याय प्रवचन सुनते हो लेकिन अंतरंग में समता, स्थिरता, सहनशीलता, तथा सकारात्मकता नहीं आ पाती, धर्म तो व्यक्ती की चेष्टा चहरा तथा हाव भाव से झलकता है उसे कहना नहीं पड़ता कि वह धर्मी है, जैसे जंहा अगरवत्ती जलती है तो उसकी महक लगभग एक घंटे तक तो बनी रहती है, उसी प्रकार जब आप सुवह सुवह पूजन पाठ और प्रवचन सभा से बाहर निकलो तो उसकी महक बनी रहना चाहिये। आपके आचरण से यह लगना चाहिये कि आप धर्मी हो।

इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेगसागर महाराज मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित समस्त क्षुल्लक महाराज मंचासीन थे।कार्यक्रम का संचालन अभय भैया ने किया।उपरोक्त जानकारी देते हुये धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रारंभ में आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एवं दीपप्रज्वलन प्रगति स्कूल के संचालक एवं धर्म प्रभावना समिति के पदाधिकारियों ने किया।तत्पश्चात मुनि श्री का पादप्रछालन एवं कर कमलों में सौभाग्यशाली पात्रों द्वारा शास्त्र भेंट किये गये इस अवसर पर धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी महामंत्री हर्ष जैन सहित बहूत बड़ी संख्या में स्मृति नगर के पारसनाथ दि. जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दि. जैन मंदिर, के साथ दिव्याप्लेश, संगमनगर, अशोक नगर, तथा प्रगति कान्वेंट स्कूल के संचालकों छात्र छात्राओं तथा श्रावक श्राविकाओं ने श्री फल अर्पित किये। **-अविनाश जैन**

## श्री महावीर जी संग्रहालय : इतिहास और दुर्लभ जैन प्रतिमाओं का खजाना

**लखनऊ ( विश्व परिवार )।** श्री महावीर जी संग्रहालय, जैन धर्म और भारतीय संस्कृति की अद्भुत विरासत को संरक्षित करने वाला एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहां संग्रहित दुर्लभ जैन प्रतिमाएं न केवल कला का उत्कृष्ट नमूना हैं, बल्कि इतिहास और आध्यात्मिकता का भी प्रतीक हैं।

**संग्रहालय की विशेष धरोहर :** सात सर्पफण, केश सहित वृषभ लांछन एवं नवग्रह से सुशोभित भगवान ऋषभदेव की अति दुर्लभ जिन प्रतिमा दर्शनीय है। यह अद्वितीय धातु की प्रतिमा 9वीं सदी की है, जो बनारस से प्राप्त हुई है। इसे श्री महावीर जी संग्रहालय को पूज्य चैत्य सागर मुनिराज के आचार्य पद आरोहण दिवस (1 मार्च, 2007) के अवसर पर सतेंद्र चौहान जैन (बनारस) द्वारा भेंट किया गया था। यह प्रतिमा अपनी अनोखी संरचना और धार्मिक महत्व के कारण संग्रहालय का प्रमुख आकर्षण है।



देवी अंबिका।कुषाण काल


**कुषाण कालीन देवी अंबिका की मृण प्रतिमा :** संग्रहालय में देवी अंबिका की एक दुर्लभ मृण प्रतिमा भी मौजूद है। इस प्रतिमा में देवी की गोद में बालक अंकित है, जो इस मूर्ति को विशेष बनाती है। इसे भी श्री सतेंद्र चौहान जैन ने संग्रहालय को समर्पित किया। यह प्रतिमा अत्यंत प्राचीन होने की संभावना है और बनारस में हुए उत्खननों से इसके महत्व को प्रमाणित किया गया है।

**संग्रहालय का निर्माण और योगदान :** श्री महावीर जी संग्रहालय का निर्माण पद्म श्री ओ. पी. अग्रवाल जी (इनटेक) की प्रेरणा और सहयोग से संभव हुआ। यह संग्रहालय भारतीय संस्कृति, जैन धर्म और इतिहास प्रेमियों के लिए एक अनमोल धरोहर है।

**पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण :** संग्रहालय के अधीक्षक डा विजय कुमार झा ने बताया कि संग्रहालय में प्रदर्शित यह दुर्लभ जैन प्रतिमाएं, जिनमें सात सर्पफण, देवी अंबिका और अन्य प्राचीन मूर्तियां शामिल हैं, इतिहास और धर्म का गहन अध्ययन करने वालों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह संग्रहालय न केवल जैन धर्म के अनुयायियों, बल्कि कला और इतिहास प्रेमियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। **-शैलेंद्र कुमार जैन**

## आदि प्रभु का न्हवन कराने जुड़ गया सारा देश : विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थसागर जी महाराज

**नांदणी ( विश्व परिवार )।** विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थसागर जी महाराज जी ने कहा कि 12 साल बाद श्रवणबेलगोला में शुरू हुआ बाहुबली का महामस्तकाभिषेक, जानिए खास बातें। भारत के विभिन्न राज्यो से भक्त नांदणी पंचकल्याणक महोत्सव एवं आदि प्रभु के महामस्तकाभिषेक के लिये सम्मिलित हुये हैं। 7 जनवरी 2025 से 9 जनवरी 2025 तक महामस्तकाभिषेक का आयोजन वृषभाचल नांदणी में किया हैं। भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी के नूतन प्रतिमा का पंचकल्याणक महोत्सव होकर मस्तकाभिषेक प्रारंभ हुआ हैं।



आचार्य भगवन विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में और प.पू. जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी के अधिनेतृत्व में पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न होकर महामसत्काभिषेक प्रारंभ हुआ हैं। महामस्तकाभिषेक का सुंदर दृश्य देखने को मिल रहे हैं। नांदणी पंचकल्याण महोत्सव में लाखो श्रावक-श्राविकाओं ने पधारकर पुण्य लाभ लिया। अतिशय क्षेत्र नांदणी अनेक ऋषी मुनीयों के तपस्या से पावन तथा प्राचीन मूर्ती के लिए सुविख्यात यह प्राचीन तीर्थक्षेत्र अनेक लोगों का श्रद्धास्थान है। नांदणी मठ के आधीपत्य में दक्षिण महाराष्ट्र और उत्तर कर्नाटक के 743 गांव समाविष्ट है द्य इन सभी गांव में जैन धर्म के सभी धार्मिक महोत्सव, विधिविधान, पंचकल्याणक, धर्म का प्रसार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी के आदेश से और आशीर्वाद से सानंद संपन्न होते हैं।

पूर्व सांसद मा. राजू शेट्टी जी ने कहा की प्रथमाचार्य शांतिसागर महाराज जी का आचार्य पदारोहन शताब्दी वर्ष शुरु हैं, प्रथमाचार्य शांतिसागर महाराज जी को भारतरत्न पुरस्कार देकर गौरवान्वित करें ऐसा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्र फडणवीस जी को निवेदन दिया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव महामस्तकाभिषेक नांदणी 2025 में आज वीर सेवा दल के 445 स्वयंसेवकोने सेवायोगदान दिया हैं। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक नांदणी साठी आज बुधवार दि. 08/01/2025 को नांदणी मठ में वीर सेवा दल गावभाग इचलकरंजी, साजणी, इचलकरंजी जैन बोर्डींग, इंगळी, चंदुर, कोरोची, पट्टण कोडोली, कबनूर, रांगोळी, वाळवा हाळभाग, तमदलगे, पु. शिरोली, हुपरी, ढवळी, हिंगणगाव, इनाम धामणी आदि गावों से स्वयंसेवक एवं महिला मंडळ सेवायोगदान दे रहे हैं। कर्नाटक विभाग के निवासी 110 स्वयंसेवक त्यागी विभाग में सेवायोगदान दे रहे हैं। सभी वीरसैनिकोंका विशेष आभार व्यक्त करता हुं। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## भौतिक सत्यापन के बाद रिकार्ड में हेराफेरी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह

### धान खरीदी केन्द्रो में 7 से शुरू हो गया है भौतिक सत्यापन, 31 जनवरी तक चलेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में धान खरीदी केंद्रो के भौतिक सत्यापन के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि यदि धान खरीदी के दौरान भौतिक सत्यापन के बाद रिकार्ड में कोई हेराफेरी या अनियमितताएँ पाई जाती हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और इसे 31 जनवरी तक पूरा किया जाए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में 7 जनवरी से भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह सत्यापन सुनिश्चित करेगा कि सभी किसानों का धान सही तरीके से खरीदा जा रहा है और कोई अनियमितता नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि धान का उठाव जल्द से जल्द करें ताकि केंद्रों पर बोझ कम किया जा सके और खरीदी प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए और किसानों की सुविधा के लिए सभी तैयारियों को पूरी तरह से सुनिश्चित करने की बात कही गई। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्पर रहेगा।

वहीं विभागीय अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीदी केंद्रो का निरीक्षण दल द्वारा तीन बार भौतिक सत्यापन किया जाएगा। पहले चरण में 7 से 14 जनवरी, दूसरा 15 से 22 जनवरी, तीसरा चरण 23 से 31 जनवरी तक होगा। साथ ही इसकी इंट्री मोबाइल एप में दी जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट का निरीक्षण जिलों के द्वारा गठित राज्यस्तरीय दल द्वारा जिले में जाकर किया जाएगा। 8 जनवरी तक जिले में 5.4 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी और 2.9 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

## नाचा विधा को सहेजने नाचा महोत्सव हाट चरौदा में 12 जनवरी को, चार नाचा पार्टी देंगे प्रस्तुतियां

**आरंग ( विश्व परिवार )।** 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन व भुइंया के गोठ नाचा पार्टी चरौदा के संयुक्त संयोजन में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम चरौदा में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय नाचा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकासखंड के चार नाचा पार्टी अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगीं। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। जो कि देर रात तक चलेगा। इस तरह का नाचा महोत्सव का आयोजन अंचल में पहली बार हो रहा है। ?भुइंया के गोठ नाचा पार्टी चरौदा के संचालक राजकुमार यादव ने बताया कि आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। लोग बढ़-चढ़कर सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं।



वहीं पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल का कहना है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति से नाचा विधा विलुप्त होती जा रही है। कलाकारों को वर्ष भर काम नहीं मिल पा रहा है। लोग नाचा को आज भी बहुत पसंद करते हैं और रात भर जागरण कर नाचा देखने दूर-दूर जाते हैं। इसलिए नाचा-गम्मत विधा के संरक्षण और साँस्कृतिक चेतना के उद्देश्य से ही एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय नाचा- गम्मत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संगी-साथी नाचा पार्टी सिंगारभांठा, (झांझ नवागांव) चाचा-भतीजा नाचा पार्टी भोथीडीह (पांहदा, चंपारण धाम)मोर मयारू चंडी दाईनाचा पार्टी बिरकोनी (गोईदा) भुइंया के गोठ नाचा पार्टी (हाट) चरौदा की प्रस्तुति होगी। वहीं इस महोत्सव में मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता श्रीमती दया लोचन साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत चरौदा करेंगी।

## जैन समाज संस्कृति के जतन के लिए प्रयासरत, समाजसेवा में जैन समाज अग्रणी : हरिभाऊ बागड़े

**राजा बाजार जैन पंचायत के सत्कार समारोह में बोले राज्यपाल बागड़े**

**छत्रपति संभाजीनगर ( विश्व परिवार )।** श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन पंचायत पार्श्वनाथ मंदिर राजा बाजार में आज मूलत: छत्रपति संभाजीनगर निवासी राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का सत्कार समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया था. मंगलवार, सुबह 9 बजे हरिभाऊ बागडे राजा बाजार के जैन मंदिर पहुंचे और सबसे पहले उन्होंने श्री भगवान शांतीनाथ के चरणों में श्रीफल अर्पित कर आर्शिवाद लिया. तदपश्चात पंचायत के अध्यक्ष महावीर पाटणी ने हरिभाऊ बागड़े का जीवन परिचय सभी को कराया. एक सामान्य किसान से राज्यपाल तक के सफर पर प्रकाश डाला. संघ के प्रति व भाजपा पार्टी के प्रति एकनिष्ठ रहने के कारण पार्टी ने उन्हें राज्यपाल जैसे पद पर काम करने का अवसर दिया है.



**हरिभाऊ बागड़े का शाल व श्रीफल देकर किया सम्मानित :** तदपश्चात राजा बाजार जैन पंचायत, श्री क्षेत्र कचनेर, श्री क्षेत्र मांगीतुंगी, श्री क्षेत्र गजपंथा (नाशिक), चंद्रसागर दिगंबर जैन धर्मशाला व कई संस्था संगठकों ने हरीभाऊ बागड़े को स्मृतिचिन्ह, शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया. सत्कार प्रसंग राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने अपने भाषण में कहा कि जैन समाज सदैव अपनी संस्कृति के जतन व अन्य लोगों की सहायता करने में प्रयासरत रहता है. मैंने बीते 40 वर्षों से जैन समाज के साथ रहते हुए विविध धार्मिक कार्यक्रमों में हाजिरी लगाई है. राजस्थान में भी जैन समाज अत्यंत धार्मिक, सुसंस्कृत व परमेश्वर की भक्ती में सदैव लीन रहता है. उनके साथ काम करने में गर्व महसूस होता है, ऐसा राज्यपाल बागड़े ने कहा. साथ ही विकृति व संस्कृति के बीच के अंतर को उन्होंने दर्शाया.

**समाज के ये लोग रहे मौजूद :** इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष महावीर पाटणी, विश्वस्थ ललीत पाटणी, महावीर ठोले, चंदा कासलीवाल, निता ठोले, श्री क्षेत्र कचनेर के अध्यक्ष सुरेश कासलीवाल, व्यवस्थापकीय संचालक भरत ठोल, महामंत्री विनोद लोहाडे, एमआर बड़जाते, तिर्थरक्षा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजय पापड़ीवाल, किरण गंगवाल, डॉ रमेश बड़जाते, डॉ शैलेश चांदीवाल, प्रमोद पाटणी, सचिन बड़जाते, सुनील पाटणी, एड अनिल कासलीवाल, नरेंद्र अजमेरा, भाजपा के राजेश मेहता, प्रकाश कासलीवाल, बाजार समिति के निलेश सेठी, आनंद सेठी, शाऊ पाटणी, जयकुमार कासलीवाल, भिकचंद लोहाडे, रमेश पाटणी, रमेश कासलीवाल, दिलीप छाबड़ा, संतोष बाकलीवाल, महिला मंडल की अध्यक्षा सुरेखा पाटणी, डीबी पहाडे, केतन ठोले, प्रमोद ठोले, विनोद कासलीवाल आदि व समाज बंधु उपस्थित थे.

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## मुनिश्री व आर्यिका संघ को श्रीफल भेंटकर किया निवेदन, अशोक नगर के लिए माता जी ने किया विहार

**काम ऐसा करो कि नाम हो जाये या नाम ऐसा करो कि नाम से ही काम हो जायें : माता जी**

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** जिला मुख्यालय से छत्तीस किलोमीटर ईसागढ़ में विराजमान मुनिश्री मंगलानन्दजी महाराज ससंघ एवं आर्यिका रत्न श्री सृष्टि भूषण मति माता जी ससंघ को श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा थूवोनजी कमेटी के संरक्षक विपिन सिंघई मंत्री शैलेन्द्र दददा सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट कर मुनिश्री व आर्यिका संघ अशोक नगर पधारे का निवेदन किया इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि अशोक नगर में निर्यापक श्रमणमुनि पुगंव श्रीसुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से त्रिकाल चौबीस की स्थापना कर नगर को तीर्थ वना दिया त्रिकाल चौबीस के समय से ही नगर में संतों का आवागमन लगा रहता है साथ ही देशभर से भक्तों का तांता लगा रहता है पूरी कमेटी अध्यक्ष जी के नेतृत्व में हम सब निवेदन लेकर आये है



**श्रेष्ठ वहीं है कि आपके नाम से ही काम हो जायें :** इस दौरान आर्यिका श्री ने कहा कि काम ऐसा करो कि नाम हो जाये या नाम ऐसा करो कि नाम से ही काम हो जायें बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो सिर्फ नाम के लिए काम करते हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो ऐसी साख बनाते हैं कि उनके नाम पर ही काम होते चले जाते हैं ऐसे लोगों को जगत में श्रेष्ठ माना जाता है हम भी कुछ ऐसा करें कि जगत में हमें कहीं जाना ना पड़े और काम हो जायें उन्होंने कहाकि अहिंसा के साथ जीवन में संयम आयें तव जीवन की सार्थकता है पहले हमारे जीवन में अहिंसा आयेगा तो जीवन में आनंद आयेगा अहिंसक तरीके से जीवन जीने के लिए संयम के बाद तप आये और आत्म साधना करते हुए आत्मानुभूति देने वाला होगा इस प्रकार पूरा जीवन अहिंसक बन जाये।

**स्नेह युक्त प्रेम सांसार से मुक्ति का कारण बनेगा :** माता जी ने कहा कि राग युक्त प्रेम सांसार का कारण है मोह युक्त प्रेम संसार में भटकाता रहता है और स्नेह युक्त प्रेम मुक्ति का कारण बनता है हम अपने जीवन को स्नेह के दीप से प्रकाशित कर इस मानव जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ अच्छा करने की ओर अग्रसर हो बाद में माता जी ने संघ सहित अशोक नगर की ओर विहार कर दिया। **-विजय धुर्रा**

## संक्षिप्त समाचार

### नीलगाय का शिकार कर खाया मांस, 6 आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के छतवा गांव में नीलगाय का शिकार करने वाले 6 आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जंगल में नीलगाय का शिकार विद्युत करंट लगाकर किया था। इस घटना में शामिल आरोपियों के पास से नीलगाय का मांस, जीआई तार और कुल्हाड़ी बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के, छतवा गांव के जंगल में कुछ लोगों ने नीलगाय का शिकार किया है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शिकार करने के लिए जीआई तार में विद्युत करंट प्रवाहित कर नीलगाय को मार गिराया। पुछताछ में आरोपियों ने बताया कि नीलगाय ने गेहूं की फ़सल को नष्ट कर दिया था जिससे क्रोधित आरोपियों ने नीलगाय का शिकार कर दिया और मांस को अपने दोस्तों के साथ बांटकर खाने में जुट गए। टीम ने आरोपियों से नील गाय की सिर और 30 किलो मांस भी जब्त किया गया है। मामले में लक्ष्मी प्रसाद (45 वर्ष),विश्वनाथ रवि (60 वर्ष),विश्वनाथ रवि (22 वर्ष),पन्ना लाल रवि (28 वर्ष),कन्हाई प्रसाद कुर्रे (47 वर्ष)तथा विजय रवि (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। मामले में रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के एसडीओ संतोष पांडे ने कहा कि आरोपियों ने नीलगाय को मारकर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम का गंभीर उल्लंघन किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### ड्रम में छिपाकर रखा 83 किलोग्राम गांजा जब्त

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** पुलिस की कार्रवाई से बचने गांजा तस्कर नए-नए तरीके अपना रहे है. सजी धजी पिकअप वाहन के जरिए गांजा तस्करी कर रहे आरोपी के पास 83 किलो गांजा बरामद किया गया. बताया जा रहा है कि आरोपी जगदीश भाटिया ओडिसा से गांजा लेकर रायपुर की ओर जा रहा था. पुलिस आरोपी जगदीश को गिरफ्तार कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है.पुलिस का कहना है कि गांजा तस्कर ने पैटर्न बदलकर गांजे की तस्करी कर रहा था. ओडिसा से सजी धजी पिकअप वाहन में गांजा लेकर रायपुर की ओर जा रहा था. सीमा से निकल गांजा से लोड पिकअप वाहन देवभोग, इन्दागांव, जुगाड़, मैनपुर, नवागढ़ थाना को पार कर गरियाबंद पहुंच गया था. तस्कर गांजा अपनी ही वाहन से गांजा तस्करी को अंजाम दे रहा था. इस दौरान गरियाबंद पुलिस को प्लास्टिक ड्रम लोडेड वाहन ओडिसा से रायपुर की ओर जाते देख शक हुआ. जब गाड़ी की चेकिंग की गई तो प्लास्टिक ड्रम में गांजा मिला. तीन प्लास्टिक ड्रम में से 83 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 8 लाख से ज्यादा बताई जा रही है. पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### सुकमा में भी ब्लास्ट की थी तैयारी, दो गिरफ्तार

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षाबलों के ताबड़तोड़ ऐक्शन से बौखलाए नक्सलियों ने सोमवार को बीजापुर में एक शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ब्लास्ट को अंजाम दिया। ब्लास्ट में डीआरजी के 8 जवान और 1 वाहन चालक शहीद हो गए। बीजापुर की तरह सुकमा में भी जवानों को निशाना बनाने के लिए आईईडी प्लांट किया था, लेकिन सुरक्षाबलों ने इसे नाकाम करते हुए 2 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।बता दें कि इस कार्रवाई को साइबर सेल, नक्सल सेल की टीम, थाना पोलमपल्ली सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। पकड़े गए नक्सलियों ने दोरनापाल-जगरगुंडा मार्ग पर 15-15 किलो के दो ढ्ढश्वष्ठ प्लांट किए थे, जिन्हें बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं।

### तैयारियों का जायजा लेने पहुँचे कलेक्टर और सीईओ

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने मंगलवार को मिनी स्टेडियम सुकमा में चल रहे मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने 13 जनवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के लिए संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने मुख्य मंच में आवश्यक व्यवस्था करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये। जिला सीईओ श्रीमती जैन ने स्टॉल की व्यवस्था, मंच में साज सज्जा और एलईडी लगाने तथा लाइट एंड साउंड सिस्टम लगाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय स्टाल के लिए बैनर और फ्लैक्स निर्धारित साईज और डिजाईन में तैयार करने कहा। उन्होंने आगमन स्थल में पानी की पर्याप्त व्यवस्था, चलित शौचालय की व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ममगाई ने सुनी ग्रामीणों की गुहार, शीघ्र निराकरण करने का दिलाया भरोसा



**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में पंकज यादव आमबगीचा नयापारा द्वारा जिले के बेनूर एवं छोटेडोंगर में पोस्ट मार्डम सुविधा प्रदान करने के संबंध में, बसंती रानी धर निवासी बखरूपारा द्वारा गैस सिलेण्डर प्रदान करने, रैनू राम पोटाई ग्राम ईरकभट्टी द्वारा बोर खन्न हेतु आवेदन, समस्त महाविद्यालय की छात्राएं वीरांगना रमोतिन माड़िया कॉलेज नारायणपुर द्वारा हॉस्टल मांग हेतु आवेदन, बलदेव राम मरकाम सेवा निवृत प्रधान अध्यापक ग्राम धौड़ाई द्वारा 7वीं वेतनमान का एरियर्स राशि का अंतिम किस्त रुपये 22950 एवं एफबीपी राशि 18247 दिलवाने, श्रीमती रीना कर्मकार डी.एन.के. कॉलोनी नारायणपुर द्वारा अपनी निजी भूमि विक्रय की अनुमति के संबंध में, समस्त ग्रामवासी ग्राम नेतानार द्वारा वन पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन, सोहन उसेण्डी निवासी बिंजली द्वारा श्रीमती चैतीबाई पति जैतराम एवं रैनीबाई पति एस.आर. दुग्गा लोगों के द्वारा मेरे पिताजी का फर्जी हस्ताक्षर कर कुटरचित तरीके से कुटरचना कर हमारी भूमि का रजिस्ट्री कराने की संबंध में कार्यवाही करने, सरपंच एवं अन्य 04 ग्राम करलखा द्वारा ग्राम करलखा में निवासी स्व. बालसाय पिता स्व. शिवलाल जाति ठेठवार भूमि स्वामी खसरा नम्बर 192 रकबा 0.615 हेक्टेयर भूमिका जांच करने के संबंध में, श्रीमती सुकबती ओझा ग्राम ब्रेहबेड़ा द्वारा भूमि विक्रय करने हेतु, अर्जुन एवं अन्य 05 ग्राम कोहकामेटा कोड़ेनार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति अबुझमाड़िया परिवार को स्वीकृत आवास अधूरा तत्काल पूरा करवाने, समस्त ग्रामवासी ग्राम बड़गांव द्वारा अतिथि शिक्षक मांग, समस्त ग्रामवासी ग्राम गुमियाबेड़ा द्वारा ओरछा के ग्राम पंचायत नेडनार के ग्रामवासियों को खेती बाड़ी का पट्टा दिये जाने, प्रतिमा गुप्ता ईएमआरएस एकलव्य स्कूल छेरीबेड़ा द्वारा स्पोकन इंग्लिश शिक्षिका को शिक्षण सत्र 2024-25 में पेमेंट नहीं हुआ है पेमेंट भुगतान हेतु ओवदन, राजूराम पोटाई एवं अन्य 03 निवासी खैराभाट द्वारा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संविदा के पद पर सेवा वृद्धि किये जाने के संबंध में, अध्यक्ष और सचिव एवं अन्य 03 ग्राम निवासी खैराभाट द्वारा पर्यटन स्थल शांत सरोवर बिंजली बांध में दो गोताखोर सुरक्षा गार्ड देने व नियुक्ति करने एवं 600 मीटर में बिजली पोल लगाकर विद्युत कनेक्शन देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

## जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के खातों में शीघ्र राशि का भुगतान सुनिश्चित करें : कलेक्टर कुणाल दुदावत

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के पोर्टल में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कहा कि जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के खातों में शीघ्र राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। स्कूली विद्यार्थियों के आधार आईडी कार्ड निर्माण कार्य में प्रगति लाने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिक बालिकाओं के खाते खुलवाने के निर्देश दिए। साथ ही सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन कार्य के प्रगति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी जनपद पंचायत सीईओ को आवास निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने में हितग्राहियों का सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा हो सके। कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत पोर्टल में प्रविष्टियों की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा में लंबित आवेदनों, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सड़क किनारे सूखे पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग और सीएमओ को कार्यवाही के निर्देश दिए, ताकि आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति न हो। कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की कार्य की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी समितियों में बारदाने की उपलब्धता और धान खरीदी का सत्यापन करें। साथ ही अवैध धान परिवहन एवं बिक्री रोकने के लिए सघन जांच और कड़ी निगरानी रखें और मिलर्स द्वारा डीओ के विरुद्ध उठाव की जांच सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में सुधार हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत पंजीयन में तेजी लाने के लिए विद्युत विभाग को निर्देश दिए। इसके अलावा स्वनिधि योजना के प्रकरणों की स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) प्रगति लाने सभी सीएमओ को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के पीएमश्री स्कूलों का कायाकल्प गरिमा के अनुरूप हों : कलेक्टर

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिले में स्थित पीएमश्री स्कूलों के आधारभूत विकास एवं सुविधाओं की समीक्षा करने के उद्देश्य से संस्था प्रमुखों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि पीएमश्री स्कूलों का कायाकल्प शासन के निर्धारित मापदंड एवं गरिमा के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है, किन्तु छोटे-छोटे निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है। सभी संस्था प्रमुख निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगे कहा कि इन स्कूलों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय स्टॉफ की कमी जल्द दूर कर ली जाएगी, किन्तु विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करें। उन्हांने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत के 23 कार्य स्वीकृत 87 लाख रूपए की लागत से किया जाना है, जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करें। कलेक्टर ने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 15 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं, जिनमें प्राथमिक स्तर के 09 तथा नर्सरी से हायर सेकेण्डरी स्तर के 06 स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों के लिए राज्य स्तर से विभिन्न कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें अतिरिक्त कख निर्माण, बालिका शौचालय, मरम्मत, बड़े एवं लघु मरम्मत कार्य, वाटर हार्वेस्टिंग तथा सोलर पैनल स्थापना जैसे कार्य स्वीकृत किए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, सभी अनुविभागीय अधिकारी सहित पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य मौजूद रहे।

## बिहान की दीदियों के द्वारा शुरू किया गया नि:शुल्क अन्न सेवा योजना

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान के अंतर्गत गांवों में विभिन्न सकारात्मक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इससे गांवों में निवासरत ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव और खुशहाली आ रही है। इसी क्रम में छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम गुडरा में वर्षा स्व-सहायता समूह (महिला संगठन) की दीदियों के द्वारा आसपास के ग्रामों की बेसहारा महिलाओं के लिये अन्न सेवा योजना की शुरूआत की गई है जिसके तहत समूह के सभी सदस्य बैठक में मुट्ठी चावल लेकर बैठक में आयेंगे। फिर लाए गए चावल को समूह के अध्यक्ष के पास इकट्ठा किया जाता है। समूहों के पास एकत्रित चावल को समूह के अध्यक्ष के द्वारा ग्राम संगठन की बैठक में प्रदान किया जाता है। बिहान की दीदियों के द्वारा किए गए इस संवेदनशील पहल से गांव के ग़रीब और जरूरतमंद परिवारों में ख़ुशी और उम्मीद की किरण जागी है। ग्राम संगठन के पास ज्यादा मात्रा में चावल एकत्र हो जाने पर किसी जरूरतमंद बेसहारा दीदी को एकत्र चावल नि:शुल्क अन्न सेवा के रूप में प्रदान किया जाता है। इससे उनकी आजीविका के लिए अन्न की सहायता प्राप्त हो जाती है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किए गए इन प्रयासों से कई लोगों का भला हो जाता है।

## आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य के आधार पर ग्राम पंचायतों में ऑपरेटर की बढ़ाएँ संख्या : कलेक्टर हरिस

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि प्रशासन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का अच्छा परिणाम मिला, फिर भी आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य के आधार पर ग्राम पंचायतों में ऑपरेटर की संख्या बढ़ाएँ, साथ ही युवोदय के स्व-सेवक, संबंधित क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकान संचालकों और जागरूक शिक्षकों का सहयोग लेकर आयुष्मान कार्ड के कार्य को पूर्ण करें। साथ ही चिरायु योजना के तहत स्कूली बच्चों का जनवरी माह तक और आँगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का मार्च माह तक स्क्रीनिंग करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिला का लक्ष्य अधिक है इसके आधार पर योजना के तहत हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्यों का सतत निरीक्षण कर प्रगति लाना सुनिश्चित करें। विशेष कर बस्तर और बकावण्ड क्षेत्र में पूर्व स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाएं। साथ ही आवास योजना में मनरेगा के मजदूरों को शामिल करने के निर्देश दिए। आवास योजना की प्रगति के लिए सप्ताह में ग्राम पंचायत सचिव और आवास मित्रों की बैठक लेकर पूर्व स्वीकृत पीएम आवास योजना, नवीन स्वीकृत आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा कर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में बैंक लिंकेज के प्रकरण, एंटरप्राइज फाइनेंस, आजीविका मिशन के तहत ऋण सुविधा की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बैंकों द्वारा ऋण सुविधा के प्रकरणों में आवश्यक पहल नहीं करने वाले बैंकों के शाखाओं से विभागों के खातों और जमा राशि को वापस लेने के लिए निर्देशित किया। मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति और लेबर को रोजगार उपलब्ध करवाने की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम नहीं होने पर रोजगार सहायक, तकनीकी सहायकों का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने खाद्य भंडारण की स्थिति, भंडारण हेतु राशि जमा करने, पीडीएस बारदाना की उपलब्धता, राइस मिलर द्वारा डीओ करवाकर धान का उठाव, चावल जमा करवाने की समीक्षा किए उन्होंने कहा कि प्रतिदिन चार हजार क्विंटल धान का उठाव करवाना सुनिश्चित करें।

## जिला अस्पताल में मरीजों का हालचाल लेने पहुंचीं कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई



**नारायणपुर।** बद्रीनाथ बघेल जिला चिकित्सालय का कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नर्सिंग स्टेशन, मरीज परीक्षण कक्ष, महिला मेडिकल कक्ष, आपातकालीन कक्ष, आईसीयू कक्ष, डिलीवरी कक्ष, बाल चिकित्सा वार्ड, एनआरसी, गहन नवजात शिशु सुरक्षा इकाई, आइसोलेशन कक्ष, सर्जरी कक्ष, पुरुष सर्जिकल वार्ड, ब्लड बैंक कक्ष, एक्स-रे कक्ष, बेसिक टेस्ट कक्ष और हमर लैब का अवलोकन किया। उन्होंने ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके हालचाल पूछा और शीघ्र स्वस्थ होने का भरोसा दिलाया। मरीज गौरीबाई से बातचीत के दौरान बीमारी और अस्पताल में मिलने वाली भोजन की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य जांच कक्ष के चिकित्सकों से जानकारी ली, जहां चिकित्सों ने बताया कि माह में नियमित मरीजों की जांच की जाती है। नर्सिंग स्टेशन कक्ष के निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने डिलीवरी का ब्यौरा लिया, जिसमें बताया गया कि पिछले माह 40 से अधिक माताओं की सफल डिलीवरी कराई गई है। कलेक्टर ममगाईं ने बाल चिकित्सा वार्ड में मरीज दसरूराम वड्डे से बातचीत कर बीमारी और भोजन की गुणवत्ता के बारे में जाना। पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस पखवाड़ा में एनआरसी में 10 बच्चे भर्ती हैं। कलेक्टर ने बच्चों की माताओं से पौष्टिक भोजन और अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हमर लैब के निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जाने वाली दवाइयों की जानकारी लेते हुए उपस्थित चिकित्सों से हमर लैब की सेवाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी ली।

## न्यायिक अधिकारियों के द्वारा उप-जेल का किया निरीक्षण

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा मरकाम एवं व्यवहार न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय कोण्डागांव के द्वारा अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के कामकाज को मजबूत करने के उद्देश्य में उप-जेल नारायणपुर का किया दौरा। इस दौरान विचाराधीन बंदी जिनका जमानत हो गया है फिर भी वह जेल में निरूद्ध ऐसे बंदियो को चिन्हांकित कर उन्हे पट्टा पेश एवं सक्षम जमानतदार की जानकारी दी गई साथ ही जिन बंदियों को जमानत का आवेदन लंबित है तथा निराकृत नहीं हुई है या जमानत का आवेदन लगाना चाहते है उन्हें जमानत का आवेदन लगाने के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही बंदियों के प्रकरण में पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नियुक्त नहीं हुए हैं उन बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के माध्यम से लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के अधिवक्ताओं नियुक्त करने के संबंध में बताया गया तथा सहायक जेल-अधीक्षक को नि:शुल्क अधिवक्ता नियुक्त के लिए आवेदन प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## व्यापार समाचार

### अगले हफ्ते आएंगे 7 नए आईपीओ 6 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

**मुंबई( एजेंसी )।** नए वर्ष 2025 का दूसरा हफ्ता आईपीओ के नजरिए के काफी व्यस्त रहने वाला है, क्योंकि इस दौरान शेयर बाजार में मेनबोर्ड और एसएमई को सात पब्लिक इश्यू खुलेंगे और वहीं, छह कंपनियों की लिस्टिंग होगी। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का आईपीओ 6 जनवरी से लेकर 8 जनवरी तक खुलेगा। इस आईपीओ का इश्यू साइज 410.05 करोड़ रुपये का होगा। इस पब्लिक इश्यू का प्राइस बैंड 133 रुपये से लेकर 140 रुपये होगा। फार्मास्यूटिकल और केमिकल सेक्टर के लिए इंजीनियरिंग उपकरण बनाने वाली इस कंपनी ने 3 जनवरी को एंकर बुक के जरिए पहले ही 123.02 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। इस आईपीओ की लिस्टिंग 13 जनवरी को हो सकती है। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का आईपीओ 7 से 9 जनवरी तक आम निवेशकों के लिए खुलेगा। इस कंपनी का इश्यू साइज 290 करोड़ रुपये का होगा। इसका प्राइस बैंड 275 रुपये से लेकर 290 रुपये के बीच होगा। भारतीय रेलवे की कवच परियोजना के तहत नई पीढ़ी के ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम विकसित करने वाली कंपनी की लिस्टिंग 14 जनवरी को हो सकती है। कैपिटल इन्फ्रा ट्रस्ट इनविट का आईपीओ 7 जनवरी से लेकर 9 जनवरी तक खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 99 रुपये से लेकर 100 रुपये तक होगा। इस इश्यू का साइज 1,578 करोड़ रुपये होगा। इसकी लिस्टिंग 14 जनवरी को होगी। इसके अलावा चार एसएमई आईपीओ भी खुल रहे हैं, जिसमें बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प, इंडोबेल इंसुलेशन, अवाक्स अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स का आईपीओ शामिल है। इन आईपीओ का साइज क्रमशः 85.21 करोड़ रुपये, 54.60 करोड़ रुपये, 10.14 करोड़ रुपये और 1.92 करोड़ रुपये होगा। ये सभी आईपीओ 6 जनवरी से आम निवेशकों के लिए खुल रहे हैं। अगले हफ्ते एक मेनबोर्ड और पांच एसएमई कंपनियां भी एक्सचेंजों पर लिस्टिंग होंगे। इंडो फार्म इक्विपमेंट मेनबोर्ड सेगमेंट में लिस्ट होने वाली एकमात्र कंपनी होगी। इसकी लिस्टिंग 7 जनवरी को होगी। इस आईपीओ का साइज 260 करोड़ रुपये था और यह 229.68 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा एसएमई कंपनियों में टेक्नीकेम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, लियो ड्राई फ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड, डेविन संस रिटेल लिमिटेड, परमेश्वर मेटल लिमिटेड और फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड के पब्लिक इश्यू की लिस्टिंग भी इस हफ्ते होगी।

### माइलेज की रानी अब नहीं मिलेगी, एक लीटर में दौड़ती थी 70 किलोमीटर!

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश में माइलेज की रानी के नाम से मशहूर बजाज प्लेटिना 110 एबीएस अब बाजार से गायब हो गई है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर इस मॉडल की बिक्री बंद कर दी है। यह खबर उन लोगों के लिए निराशाजनक होगी जो कम बजट में अधिक माइलेज देने वाली बाइक की तलाश में थे। प्लेटिना 110 एबीएस 70 किलोमीटर प्रति लीटर का शानदार माइलेज देती थी, फिर भी इसे बंद करने का फैसला क्यों लिया गया? इसका मुख्य कारण है कम बिक्री। भले ही यह बाइक कई बेहतरीन फीचर्स के साथ आती थी, लेकिन ग्राहकों ने इसे उतना पसंद नहीं किया जितना कंपनी को उम्मीद थी। बजाज प्लेटिना 110 एबीएस एक किफायती और सुविधाजनक बाइक थी जो कई खास फीचर्स के साथ आती थी। इस बाइक का सबसे बड़ा आकर्षण इसका शानदार माइलेज था, जो लगभग 70 किलोमीटर प्रति लीटर था। इसके अलावा, 125सीसी से कम इंजन क्षमता वाली बाइक्स में सिंगल-चैनल एबीएस मिलना काफी दुर्लभ था, लेकिन प्लेटिना 110 एबीएस में यह फीचर दिया गया था, जिससे सुरक्षा और बढ़ गई थी। 115सीसी का दमदार इंजन इसे एक स्मूथ और आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता था, खासकर लंबी दूरी की यात्राओं के लिए। प्लेटिना 110 एबीएस के अलावा, बजाज ने हाल ही में अपनी पल्सर एबीएस 250 बाइक को भी बंद कर दिया है। इस बाइक को भी ग्राहकों से उम्मीद के मुताबिक रिस्पॉन्स नहीं मिला था। बजाज प्लेटिना 110 एबीएस और पल्सर एफएम 250 के बंद होने से यह साफ है कि कंपनी अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में बदलाव कर रही है। कंपनी अब उन मॉडलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो ग्राहकों को ज्यादा पसंद आ रहे हैं। अगर आप कम बजट में माइलेज वाली बाइक की तलाश में हैं तो आप बजाज प्लेटिना के अन्य मॉडलों या अन्य कंपनियों के समान सेगमेंट की बाइक्स पर विचार कर सकते हैं।

### वॉर्नर को न खरीदकर पछता रही होगी आईपीएल टीमें, बीबीएल के हर मैच में ढा रहे कहर

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) के लिए जब मेगा ऑक्शन का आयोजन हुआ तो सभी 10 टीमों ने डेविड वॉर्नर को खारिज कर दिया. शायद सभी टीमों की ये सोच रही होगी कि 38 साल के हो चुके वॉर्नर आईपीएल के लिए फिट न हो. लेकिन वॉर्नर आईपीएल में अनसोल्ड रहने के बाद भी मायूस नहीं हैं वे पीएसएल 2025 में नजर आने वाले हैं वहीं फिलहाल बीबीएल में अपने प्रदर्शन से सभी को चकित कर रहे हैं. आईपीएल की तरह बीबीएल भी एक बड़ी और प्रतिष्ठित लीग है. ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली इस लीग के मौजूदा सीजन में डेविड वॉर्नर सिडनी थंडर की तरफ से खेल रहे हैं. वॉर्नर के प्रदर्शन को देखने से ऐसा लगता ही नहीं कि वे 38 साल के हो चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं. उनके प्रदर्शन में एक युवा की भूख दिखती है. मौजूदा समय में लीग के वे तीसरे टॉप स्कोरर हैं. 6 मैचों की 6 पारियों में 2 अर्धशतक लगाते हुए 45.60 की औसत और 146 से उपर की स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाए हैं. वॉर्नर के बीबीएल में प्रदर्शन को देखते हुए आईपीएल की सभी 10 टीमें निश्चित रुप से अफसोस कर रही होंगी. वॉर्नर फिट हैं, रन बना रहे हैं और अगर वे अपनी फिटनेस बरकरार रख पाते हैं तो अगले 2-3 साल खेल सकते हैं जैसे की फाफ डू प्लेसिस खेल रहे हैं. ऐसे में वॉर्नर को न जोड़ना सभी के लिए एक नुकसानदायक फैसला साबित हो सकता है. डेविड वॉर्नर का आईपीएल का रिकॉर्ड शानदार रहा है. वे लीग के इतिहास के चौथे सबसे सफल बल्लेबाज हैं. 2009 से 2024 के बीच 184 मैचों की 184 पारियों में 22 बार नाबाद रहते हुए 4 शतक और 62 अर्धशतक लगाते हुए 40 से उपर की औसत और 139 से उपर की स्ट्राइक रेट से उनके नाम 6565 रन दर्ज हैं.इस रिकॉर्ड के बाद भी उनका न असोल्ड रहना हैरानी वाला था.

# रवि शास्त्री ने शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाए



**दुबई( एजेंसी )।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए तेज गेंदबाज को न भेजने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठाए हैं, जिसमें भारत 3-1 से हार गया था। टखने की चोट के कारण 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने और 2024 की शुरुआत में सर्जरी कराने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में भाग लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज के दौरान वापसी की उम्मीद बढ़ गई। मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले उन्हें आधिकारिक तौर पर बाहर कर दिया गया था, बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने घुटने में सूजन का हवाला दिया था। शास्त्री और पोंटिंग का मानना है कि शमी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा और सीरीज के अंत में वापसी में तेजी लाई जा सकती थी। शास्त्री ने कहा कि शमी को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जा सकता था और फिर उनकी भागीदारी पर निर्णय लिया जा सकता था। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, जब उनसे पूछा गया कि क्या शमी मेलबर्न या सिडनी में सीरीज को अपने पक्ष में कर सकते थे, बिल्कुल, इसमें कोई संदेह नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो, मैं मीडिया में चल रही इस बातचीत से बहुत हैरान था कि मोहम्मद शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ। रिकवरी के मामले में वह कहां है? वह एनसीए में कब से बैठा है, मुझे नहीं पता। वह कहां खड़ा है, इस बारे में उचित बातचीत क्यों नहीं हो पा रही है? उसकी क्षमता के अनुसार खिलाड़ी होने के कारण मैं उसे ऑस्ट्रेलिया ले आता। उन्होंने कहा, मैं उसे टीम का हिस्सा बनाए रखता और सुनिश्चित करता कि उसका पुनर्वास टीम के साथ हो। और फिर अगर तीसरे टेस्ट मैच तक हमें लगता कि नहीं, यह खिलाड़ी सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल सकता, तो मैं उसे जाने देता। शास्त्री ने कहा, लेकिन मैं उसे टीम के साथ लाता, उसे रखता, सर्वश्रेष्ठ फिजियो से उसकी निगरानी करता और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद अंतरराष्ट्रीय फिजियो से भी सर्वश्रेष्ठ सलाह लेता, जो देखते हैं कि वह कैसा प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन मैं उसे टीम में बनाए रखता। पोंटिंग ने शास्त्री की भावना को दोहराया, इससे पहले कि इस बात पर जोर दिया जाए कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज के अंत में यह तेज गेंदबाज कितना महत्वपूर्ण हो सकता था। मुझे वास्तव में आश्चर्य हुआ जब उसे सीरीज के बीच में भी नहीं बुलाया गया, दो टेस्ट मैच हो चुके थे। भारत की ओर से नितीश रेड्डी निश्चित रूप से टीम में थे। इसलिए आपके पास वैसे भी एक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर था। इसलिए अगर शमी, भले ही वह पूरी तरह से फिट न हो, अगर उसे एक दिन में कम ओवर गेंदबाजी करनी पड़े, तो आपके पास उसकी मदद करने के लिए एक बैकअप सीम गेंदबाजी विकल्प था और मुझे लगता है कि वह अंतर पैदा कर सकता था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, जब आपने मुझसे (पहले आईसीसी रिव्यू में) पूछा कि मुझे क्या लगता है कि परिणाम क्या होगा, तो मैंने कहा कि 3-1 से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में क्योंकि शमी टीम में नहीं था। मैंने सबसे पहले यही कहा। मुझे लगा कि वह भारत के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

## हेजलवुड के पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका टेस्ट दौरे से बाहर होने की संभावना



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया को 29 जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है, क्योंकि सीनियर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पिंडली की चोट और साइड स्ट्रेन के कारण दौरे से बाहर होने की संभावना है। हेजलवुड को भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी और इसके बाद वह सीरीज के अगले दो टेस्ट से बाहर हो गए। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, हेजलवुड के श्रीलंका में लाल गेंद के मैच खेलने की संभावना नहीं है और चयनकर्ता बुधवार को अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे, जिसमें टेस्ट घटक के लिए 16 खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। गुरुवार को घोषणा की उम्मीद है। इसमें यह भी कहा गया है कि चयनकर्ता चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी एक सफेद गेंद वाली टीम का चयन करेंगे, जो 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई में होगी। हेज़लवुड की अनुपस्थिति कप्तान पैट कमिंस की अनुपलब्धता को बढ़ाती है, जिससे ऑस्ट्रेलिया का तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर हो गया है। जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज श्रृंखला के साथ, चयनकर्ता हेज़लवुड की दीर्घकालिक फिटनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## अनमैरिड कपल्स को अब नहीं मिलेगा ओयो में रूम, नियमों में हुआ बड़ा बदलाव




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म ओयो ने अपनी नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए अविवाहित जोड़ों (अनमैरिड कपल्स) के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। कंपनी ने नई चेक-इन पॉलिसी लागू की है जिसके तहत अविवाहित जोड़ों को कमरा देने से इनकार किया जा सकता है। यह नियम फिलहाल उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में लागू किया गया है, लेकिन जल्द ही इसे अन्य शहरों में भी लागू किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, अब अविवाहित जोड़ों को होटल में कमरा बुक करने के लिए अपने रिश्ते की पुष्टि के लिए वैलिड प्रूफ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह नियम ऑनलाइन बुकिंग पर भी लागू किया जाएगा, जिससे कि अविवाहित जोड़ों को होटल में कमरा लेने के दौरान अतिरिक्त दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, ओयो ने अपने पार्टनर होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए बुकिंग रद्द करने का अधिकार प्रदान किया है, ताकि समाजिक मान्यताओं और नियमों का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। ओयो ने सबसे पहले मेरठ स्थित अपने पार्टनर होटलों को इस नई पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है। कंपनी मेरठ में इस नियम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करेगी और उसके आधार पर अन्य शहरों में भी इसे लागू करने का निर्णय लेगी। सूत्रों के अनुसार, मेरठ की कई सामाजिक संस्थाओं ने इस मुद्दे को ओयो के सामने उठाया था, जिसके बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। कुछ अन्य शहरों में भी अविवाहित जोड़ों को कमरा न देने को लेकर याचिकाएं दायर की गई थीं। ओयो के नॉर्थ इंडिया रीजन के हेड पवास शर्मा ने बताया कि ओयो सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन कानून के दायरे में काम करने और सामाजिक संस्थाओं की बातों को भी जिम्मेदारीपूर्वक सुनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कप्तान रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित होगा ऋतुराज गायकवाड़

**टेस्ट टीम में ले सकता है उनकी जगह!**



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा बतौर कप्तान ही नहीं बतौर बल्लेबाज भी काफी निराशाजनक रहा. 3 मैचों में वह सिर्फ 31 रन ही बना सके. वैसे तो रोहित ने ये क्लीयर कर दिया है की वह अभी रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं. लेकिन, अगर आगे भी टेस्ट में उनके बल्ले से रन नहीं आते, तो यकीनन टीम इंडिया को उन्हें रिप्लेस करने की जरूरत पड़ सकती है. तो आइए आपको एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताते हैं, जो आने वाले टाइम में रोहित का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. वैसे तो घरेलू क्रिकेट में कई खिलाड़ी हैं, जो बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और जरूरत पड़ने पर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं. मगर, इन सबमें ऋतुराज गायकवाड़ एक ऐसा नाम है, जो आने वाले समय में रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. गायकवाड़ ने आईपीएल में एमएस धोनी को प्रभावित किया और अब वह चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं. तकनीकी तौर पर गायकवाड़ काफी मजबूत माने जाते हैं. उन्होंने 37 फर्स्ट क्लास मैचों में 41.52 की औसत से 2533 रन बनाए हैं जिसमें सात शतक और 13 अर्धशतक जमाए हैं. वह इंडिया-ए की ओर से भी खेलते हैं और कप्तानी भी करते हैं. गायकवाड़ की उम्र भी कम है और अगर उनको मौका मिलता है, तो वह टीम इंडिया के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं. रोहित शर्मा ने भारत के लिए कुल 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 12 शतक और 18 अर्धशतक भी लगाए. लेकिन, साल 2024 में रोहित का बल्ला खामोश रहा. उन्होंने 2024 में रोहित ने कुल 14 टेस्ट मैच खेले, जिसकी 26 पारियों में बल्लेबाजी करने आए. इस दौरान उन्होंने 24.76 के औसत से 619 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 2 फिफ्टी निकली. वहीं, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तो रोहित के बल्ले से रन ही नहीं आए. उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 31 रन बनाए, जो भारतीय टीम की हार की बड़ी वजह रहा.

## सैमसंग के एआई-कनेक्टेड घरेलू उपकरणों, 8के क्यूएलईडी टीवी पर खास फोकस

**लास वेगास( एजेंसी )।** दक्षिण कोरिया की दिग्गज टेक कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका के लास वेगास में सीईएस 2025 में होम एआई नाम की एक अत्याधुनिक तकनीक पेश करेगी। यह तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाकर एक बेहद निजी और शानदार अनुभव प्रदान करेगी। सैमसंग 3,368 वर्ग मीटर का सबसे बड़ा शो रूम लगाएगा, जहां एआई फॉर ऑल थीम के तहत कंपनी की नई तकनीकें और स्मार्ट होम सॉल्यूशन्स को दिखाया जाएगा। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, सैमसंग की होम एआई तकनीक स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के जरिए डिवाइस डेटा को एनालाइज करती है। यह प्लेटफॉर्म वॉशिंग मशीन, टीवी, लैपटॉप और स्मार्टफोन जैसे कई सैमसंग प्रोडक्ट्स में इंटीग्रेट किया गया है। यह तकनीक परिवारों के लिए उनकी जीवनशैली के हिसाब से घर को और सुविधाजनक और व्यक्तिगत बनाती है। सैमसंग का यह कनेक्टेड अनुभव सिर्फ घरों तक सीमित नहीं रहेगा। इसे गाड़ियों, जहाजों और व्यापारिक जगहों जैसे अपार्टमेंट, ऑफिस और होटलों तक भी बढ़ाया जाएगा। कंपनी ने अपने टीवी में स्पोकन सबटाइटल्स फीचर को अपग्रेड किया है, जो खासकर दृष्टिहीन लोगों के लिए कंटेंट को और स्पष्ट करता है। सैमसंग ने अपना 2025 का फ्लैगशिप नियो क्यूएलईडी 8के टीवी भी पेश किया। इसमें एनक्यू8 एआई जनरेशन 3 प्रोसेसर और अन्य उन्नत तकनीकें दी गई हैं। यह टीवी 8के रिज़ॉल्यूशन पर कंटेंट को बेहतर बनाता है और शानदार रंग, कॉन्ट्रास्ट और ब्राइटनेस देता है। इसके साथ, इक्लिप्सा ऑडियो नामक नई 3डी ऑडियो तकनीक भी पेश की गई, जिसे गूगल के साथ मिलकर विकसित किया गया है। यह तकनीक ऑडियो अनुभव को और रोमांचक बनाती है। सैमसंग ने विजन एआई नाम की नई तकनीक भी पेश की, जो देखने के अनुभव को और ज्यादा व्यक्तिगत बनाएगी।

## फिजिक्सवाला (पीडब्लू) विद्यापीठ अब शैक्षणिक वर्ष 25-26 के लिए भारत भर में 150+ केंद्रों का ऑफ लाइन नेटवर्क बना चुका है

**रायपुर।** कोटा के वार्षिक कार्यक्रम - दिशा 2025 - के दौरान छात्रों के बीच, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के संस्थापक और सीईओ, अलख पांडे ने कहा, शिक्षकों के रूप में, यह देखना हमारे लिए बेहद दुखद है जब छात्र निराश होकर कठोर कदम उठाते हैं। हम उनकी आशा बनना चाहते हैं। आज मैं आप सभी से निवेदन करता हूं - हमारे साथ इस प्रयास में जुड़ें ताकि हम आपदाओं को टाल सकें। हमारी 24×7 देशव्यापी मुफ्त हेल्पलाइन - प्रेरणा का उपयोग करें और जब भी आपको तनाव या परेशानी महसूस हो, सहायता लें। इसके अलावा, उन्होंने 20 जनवरी 2025 तक सभी ऑफलाइन बैचों पर आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 30 प्रतिशत छूट की घोषणा भी की। वर्तमान में फिजिक्सवाला (पीडब्लू) भारत के 20 राज्यों में 150 से अधिक विद्यापीठ और पाठशाला केंद्र खोल चूका है। इनमें से लगभग दस केंद्रों में विद्यापीठ रेजिडेंशियल प्रोग्राम (वीपीआरपी) भी उपलब्ध है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए, पीडब्लू ने कई नए शहरों में केंद्र खोलकर अपने ऑफलाइन नेटवर्क का विस्तार किया है, जिनमें डिब्रूगढ़, चेन्नई और उदयपुर शामिल हैं। चेन्नई में केंद्र खोलना तमिल नाडु राज्य में पीडब्लू का पहला ऑफलाइन प्रवेश है। कार्यक्रम में उन छात्रों की भी भागीदारी देखी गई जिन्होंने पहले पीडब्लू में अध्ययन किया था और आज IIT और AIIMS जैसे सरकारी कॉलेजों में सीटें प्राप्त की है। इन छात्रों को बधाई दी गई और उनसे अपनी यात्रा वर्तमान छात्रों के साथ साझा करने का अनुरोध किया गया। विद्यापीठ रेजिडेंशियल प्रोग्राम (वीपीआरपी) नीट और जेईई के उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो आवासीय समर्थन के साथ अकादमिक अनुभव चाहते हैं। यह कार्यक्रम एक संरचित और शैक्षिक रूप से उत्तेजक वातावरण प्रदान करता है, जिससे छात्रों को अपने शैक्षणिक उद्देश्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित होने का अवसर मिलता है। ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाओं के लिए निरंतर शिक्षकों की उपलब्धता प्रदान करके, वीपीआरपी यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि छात्रों को एक सहज शैक्षिक अनुभव मिले, और फॉर्मेट के बीच स्विच करने से जुड़ी सामान्य चुनौतियों को कम से कम किया जा सके।

## डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीय दिवस पर अपनी पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 - 1947) का विमोचन किया

**रायपुर।** इस पुस्तक में भारत में ब्रिटिश राज द्वारा थोपे गए गिरमिटिया मजदूरों (कुलियों) के जीवन और तकलीफों के बारे में गहरी जानकारी दी गई है जो बहुत ही भावनात्मक और दिल छू लेनेवाली है। प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिज़ी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 - 1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 जनवरी, 2025 को किया जाएगा। गौरतलब है कि डॉ. रेखा चतुर्वेदी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने कहा, फिज़ी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 -1947) भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। साल 2025 के प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर इस ऐतिहासिक पुस्तक का प्रकाशन भारतीय प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा को हाइलाइट करती है। प्रवासी भारतीय दिवस पर इस पुस्तक का विमोचन इसके महत्व को दर्शाता है और साथ ही यह प्रवासी समुदाय के योगदान और संघर्षों को सम्मान देने की एक सार्थक कोशिश है। यह पुस्तक भारतीय प्रवासी समाज के बलिदानों को पहचानने और उनकी कहानियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोने का आह्वान भी करती है। याद रहे कि गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था। यह भारत के औपनिवेशिक इतिहास का एक दर्दनाक और शर्मनाक हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और फिज़ी जैसे देशों में इन गिरमिटिया मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में कठोर और अत्यंत कठिन कार्य करने के लिए मजबूर किया गया।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 09 जनवरी 2025



## सिमगा वितरक नहर के कार्यों के लिए 7.82 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य शासन ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखंड सिमगा के अंतर्गत सिमगा वितरक नहर के मिट्टी कार्य को पक्के निर्माण एवं रिसेक्शनिंग और सीसी लाईनिंग कार्य को पूर्ण कराने के लिए 7 करोड़ 82 लाख 42 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को सिंचाई परियोजना के कार्य कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# उत्कृष्ट और मनमोहक प्रस्तुति से युवा छत्तीसगढ़ का नाम करें रोशन : विष्णुदेव साय

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 : छत्तीसगढ़ से शामिल होने वाले युवाओं को मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रीगणों सहित विधायकों ने दी शुभकामनाएं**

### राज्य के 75 युवा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में होंगे शामिल




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने जा रहे युवाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के साथ ही छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाना है।

उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस पर आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट और मनमोहक प्रस्तुति से युवा छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन भारत को वर्ष 2047 से पूर्व विकसित बनाने की भारत सरकार की मुहिम में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने अपना टैलेंट दिखाया है। राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए कुल 75 प्रतिभागियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधित्व के लिए किया गया है। भारत मण्डपम नई दिल्ली में 11 एवं 12 जनवरी 2025 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष भारत को विकसित बनाने के विज़न को प्रस्तुत करने का अवसर राज्य के 75 युवाओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि युवा दिल्ली में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। आगामी 11 और 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ऐसा प्रदर्शन करें कि देश के अन्य राज्यो से आये युवाओं के जुबान पर छत्तीसगढ़िया सब ले बढ़िया हो। खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि युवा भारत की शक्ति है। युवाओं को छत्तीसगढ़ में अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 75 युवा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि युवा महोत्सव के माध्यम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के 80 हजार से अधिक युवाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया। रायपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 26 और 27 दिसम्बर 2024 को यूथ डॉयलाग सम्पन्न हुआ । भारत को विकसित बनाने के लिए भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, महिलाओं को सशक्त बनाना और सामाजिक संकेतक में सुधार, विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना, कृषि में उत्पादकता बढ़ाना, भारत को एक स्पोर्टिंग और फिट राष्ट्र बनाना, भारत को वैश्विक विनिर्माण पावर हाऊस बनाना, भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी के रूप में विकसित करना, भारत को पूर्णतः टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाना, विकसित भारत के लिए तकनीकी, विकास भी विरासत भी की थीम पर माई भारत पोर्टल पर छत्तीसगढ़ के 3 लाख 26 हजार से अधिक पंजीकृत वालेंटियर्स एवं प्रदेश के विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए सर्व प्रथम आनलाइन क्वीज का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के 80 हजार से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। आनलाईन क्वीज़ में क्वालीफाईड 6,103 युवाओं में से 635 युवाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने संबंधी निर्धारित 10 थीम पर निबंध लेखन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, और आत्म-देखभाल सबसे बड़ी पूंजी!




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आगम ग्रुप और आरतीजी पुंगलिया द्वारा आयोजित एक फण्ड रेसिंग इवेंट जो की फेशियल फिटनेस पर आधारित था जिसमे 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भीमसेन भवन, समता कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया, बल्कि सामूहिक प्रयास से एक नया उदाहरण भी प्रस्तुत किया। फेस योगा से जुड़े विभिन्न अभ्यासों ने प्रतिभागियों को न केवल चेहरे की सुंदरता और ताजगी को बढ़ाने के तरीकों से अवगत कराया, बल्कि उनकी सेहत को भी एक नई दिशा दी। आगम ग्रुप के अध्यक्ष स्वीटीजी गोलछा ने महावीर के सिद्धांतों से जुड़े इस ग्रुप के अन्य कार्यक्रमो से अवगत कराया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन नंदिताजी जैन एवं कीर्तिजी सांखला ने किया।

### एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा न्यायालय परिसर में की गई आकस्मिक चेकिंग



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर आज दिनांक 08.01.25 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की 20 सदस्यीय टीम द्वारा न्यायालय परिसर में आकस्मिक चेकिंग की गई। न्यायालय परिसर में आकस्मिक चेकिंग के दौरान 14 संदिग्ध व्यक्तियों को आपत्तिजनक/नशे के वस्तुओं के साथ पकड़ा गया है, जिनके विरूद्ध थाना सिविल लाईन में वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है।

## उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने टीपी नगर जोन के 4 वार्डों में रखी 82.58 लाख के कार्यों की आधारशिला




**रायपुर (विश्व परिवार)।** वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में चार वार्डों में कुल 82.58 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि आज टीपी नगर जोन के वार्डों को इतने कार्यों की सौगात विष्णुदेव की सरकार में मिल रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आप लोगों से हमने जो वादा किया था उसे अक्षरसः निभाने का काम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सरकार में हो रहा है। आने वाले वर्षों में आपको विकास और तेज गति से दिखने लगेगी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन कोसाबाड़ी मंडल के अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, कोरबा मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा, उमा भारती सराफ, ज्योति वर्मा, मंजू सिंह, अजय विश्वकर्मा, पार्षद धनसाय साहू, चन्दन सिंह, हार बाई यादव, सुशील गर्ग, स्मिता सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

**इन कार्यों की रखी गई आधारशिला :** वार्ड क्र. 02 सी.सी. रोड निर्माण कार्य अमर चंद्रा घर से भागी चंद्रा घर तक लागत रूपए 8 लाख, वार्ड क्र. 02 तुलसी नगर सामुदायिक भवन में अतिरिक्त विकास कार्य लागत 5 लाख, वार्ड 03 नदी किनारे पचरी निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड 3 क्षेत्रांतर्गत विकास कार्य, 10 लाख, वार्ड क्र. 03 राताखार में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, लागत 14.58 लाख, वार्ड क्र. 13 झरनापारा मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, लागत 5 लाख, वार्ड क्र. 14 पानी टंकी के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष एवं विस्तार कार्य 15 लाख, वार्ड क्र. 14 क्षेत्रांतर्गत पम्प हाउस में झोपड़ीपारा मैग्जिनभाठा, अटल आवास के पीछे रोड नाली निर्माण कार्य,10 लाख,वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में आदर्श श्रमिक क्लब के सामने बस स्टॉप का निर्माण कार्य, लागत 5 लाख कुल 82.58 लाख के कार्यों का आज भूमिपूजन और शिलान्यास कर कार्यों का श्री गणेश किया गया।

## जिला अस्पताल मुंगेली में बोन ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बेहतर डॉक्टरों की टीम के साथ मुंगेली जिला अस्पताल मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लाक के ग्राम भदौरा निवासी सत्यवती चतुर्वेदी के बोन ट्यूमर बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। सत्यवती पिछले 06 माह से बाएं पैर की एड़ी के ऊपर सूजन और दर्द के कारण काफी परेशान थी। उन्होंने आस-पास इलाज कराया पर कोई समाधान नहीं मिला।

आर्थिक तंगी के कारण महंगे निजी अस्पतालों में इलाज करना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने जिला चिकित्सालय मुंगेली में संपर्क किया। यहां पर अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं एक्सरे किया गया और उनके बाएं पैर की फीबुला हड्डी में बोन ट्यूमर बीमारी का होना पाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. एम.के.राय के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं कुशलतापूर्वक सत्यवती के इस जटिल हाई रिस्क सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया और सत्यवती ने बताया कि पहले चलने में काफी परेशानी होती थी, पैर में दर्द रहता था। निजी अस्पताल में इलाज कराने से लाखों रुपए खर्च होते, लेकिन जिला चिकित्सालय में उनका बिना पैर काटे सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे वह काफी खुश है। उन्होंने जिला चिकित्सालय की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अब उन्हें कोई परेशानी नहीं है। वह अपने दैनिक कार्यो को आसानी से कर सकेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गिरीश कुर्रे ने बताया कि सत्यवती को स्वास्थ्य लाभ के लिए रेड क्रॉस और जन औषधि के माध्यम से 05 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पंचायत राज व्यवस्था मजबूत हुई है, इसका असर पंचायत और निकाय चुनावों में देखा जा सकता है : नितिन नबीन




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के साथ-साथ साय कैबिनेट के विस्तार को लेकर हलचल तेज हो गई है। इसी बीच, 9 जनवरी को राजधानी रायपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के कोर ग्रुप और प्रदेशभर के पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन राजधानी रायपुर पहुंच चुके हैं। इस अहम बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्रीगण, विधायकगण और अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे। संभवतः बैठक में मंत्रीमंडल विस्तार के लिए विचार विमर्श किया जा सकता है।

रायपुर आगमत के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने संगठन चुनाव को लेकर कहा कि संगठन चुनाव पार्टी कार्यकर्ताओं के नेतृत्व को बढ़ावा देता है। वहीं पंचायत और निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का मौका मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पंचायत राज व्यवस्था मजबूत हुई है और इसका असर पंचायत और निकाय चुनावों में देखा जा सकता है। भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने इस दौरान कांग्रेस के धर्मांतरण के आरोपों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, जिन्होंने धर्मांतरण का बीज बोया और उसकी फसल काटी, वही अब हम पर आरोप लगा रहे हैं। हमारे नेताओं ने हमेशा इसका विरोध किया और अब सरकार में रहकर इस पर कड़े कानून बनाए जा रहे हैं। धर्मपरिवर्तन का जो खेल कांग्रेस के पृष्ठभूमि में था, अब वही आरोप भाजपा पर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में नितिन नवीन पहले सुबह 10 बजे कोर ग्रुप की बैठक लेंगे और फिर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस बैठक में अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी भाग लेंगे, जिनमें कोर ग्रुप के सदस्य, राष्ट्रीय पदाधिकारी/ कार्यसमिति सदस्य, सांसद/ मंत्री/ विधायक, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य, संभाग प्रभारी/ सहप्रभारी, जिला प्रभारी/ जिला अध्यक्ष/ महामंत्री, समस्त राष्ट्रीय एवं प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, नगरीय क्षेत्रों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के जिला के प्रभारी/ संयोजक आदि शामिल हैं।

## HMPV को लेकर आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश तैयार किए जाने के लिए तकनीकी समिति का गठन

### डॉ. एस.के. पामभोई की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय टीम देगी HMPV को लेकर अपना अभिमत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के संबंध में सभी राज्यों को जागरूकता हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) संक्रमण के संबंध में वर्तमान / अद्यतन स्थिति पर सतत् निगरानी बनाए रखने हेतु एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है।

HMPV के संक्रमण के रोकथाम, बचाव, जागरूकता एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश तैयार किए जाने हेतु इस तकनीकी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ.एस.के. पामभोई अध्यक्ष के रूप में हैं। इनके साथ सदस्य के रूप में उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी, उपसंचालक डॉ. धर्मेन्द्र गहवई, राज्य सलाहकार आईएसडीपी श्रीमती आकांक्षा राणा तथा राज्य सलाहकार आईएसडीपी सुश्री चयनिका नाग शामिल हैं। यह तकनीकी समिति राज्य में HMPV के संबंध में समय-समय पर अपना प्रतिवेदन अभिमत स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत करेगी।

## रायपुर शहर के आउटर मार्गों एवं हाइवे में दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने पुलिस करेगी सख्ती

### सड़क सुरक्षा माह के तहत हाइवे में चलाया जाएगा जागरूकता एवं कार्यवाही अभियान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर पुलिस सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत वाहन चालकों/ नागरिकों को यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करने विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। चौक चौराहों पर यातायात नियमों का फ्लैक्स, बैनर लगाकर तथा पांपलेट वितरण कर नियमों का पालन करने का संदेश दे रही है। हेलमेट रैली निकालकर दोपहिया चालकों को हेलमेट लगाने का अपील किया गया। जिला रायपुर में वाहनों के बढ़ते संख्या व अच्छी सड़कों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार के कारण सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में जहॉ 1961 सड़क दुर्घटनाओं में 507 लोगों की मौत हुई थी वहीं साल 2024 में 2079 सड़क हादसों में 594 लोगों की मौत हुई है जिसमें दोपहिया चालक एवं सवार सर्वाधिक 424 लोगों की मौत हुई है। दुर्घटनाओं में दोपहिया चालकों की मौत का यह आंकड़ा काफी डरावना है। दुर्घटनाओं के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आया है कि सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण अधिक लोगों की मौत हुआ है। दोपहिया चालक हेलमेट धारण किये होते तो निश्चित ही 40-50 प्रतिशत मौतें कम होती। कई बार जागरूकता अभियान चलाए जाने व कार्यवाही करने के उपरांत भी दोपहिया चालक हाइवे में हेलमेट लगाकर चलने की आदत नही बना पाए है। सड़क पर निकलते है तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हमें अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाना है। दोपहिया में हेलमेट, चारपहिया में सीट बेल्ट लगाना है, नशे की हालत में व तेज रफ्तार वाहन नही चलाना है तभी दुर्घटनाओं में कमीं लाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति की जीवन महत्वपूर्ण है जिसे हम सबको बचाना है। सड़क हादसों में मौतों को कम करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान के तहत पुलिस दोपहिया चालकों को हाइवे में अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने के लिए प्रेरित करेगी, शहर के आउटर क्षेत्र के 05 जगहों को चिन्हांकित किया गया है जहॉ समझाइस दिया जाएगा एवं कार्यवाही भी की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले गुड सेमेरिटन का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिला रायपुर क्षेत्रांतर्गत गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग एवं अन्य मार्गो में माह दिसम्बर 2024 में घटित सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में आगे बढ़कर घायलों की जान बचाने वाले 05 गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्तियों) को एसएसपी रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने किया सम्मानित। प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने समाज के युवाओं को सामने आने की अपील।

ज्ञात हो कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कर जान बचाने वाले व्यक्तियों को 'गुड सेमेरिटन' अर्थात नेक व्यक्ति की संज्ञा देते हुए इन्हे अधिक से अधिक प्रोत्साहित व पुरस्कृत करने व गुड सेमेरिटन कानून का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में आज दिनांक को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा माह दिसम्बर 2024 में जिले के अलग-अलग सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले 05 गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्तियों) को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, साथ ही इनके सम्मान का प्रचार-प्रसार के लिए शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कलेक्टोरेट गेट एवं मरीन ड्राइव आदि प्रमुख स्थानों में बड़ा-बड़ा होर्डिंग्स लगाने निर्देशित किया गया।

**सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने समाज के युवाओं को सामने आने की अपील**

माह दिसम्बर 2024 मे सड़क दुर्घटना में घायलों की मद्द करने वाले गुड सेमेरिटन निम्नलिखित है- श्री मनोज साहू पिता श्री विष्णु प्रसाद ग्राम कुकरा जिला रायपुर द्वारा दिनांक 20 नवम्बर को मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एलपीजी गैस ट्रक एवं मो.सा. के मध्यम घटित सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल डायल 112 को कॉल कर उपचार हेतु हास्पिटल भेज कर घायल की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री टुकेश्वर कुमार साहू पिता श्री बलदाऊ साहू ग्राम फरफौद जिला रायपुर द्वारा दिनांक 01 नवम्बर 2024 को ग्राम जरौद एवं फरफौद के मध्य घटित सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल डायल 112 को कॉल कर उपचार हेतु हास्पिटल भेज कर घायल की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री सूर्यकांत चंद्राकर पिता श्री परसराम चंद्राकर ग्राम फरफौद जिला रायपुर द्वारा दिनांक 01 नवम्बर 2024 को ग्राम जरौद एवं फरफौद के मध्य घटित सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल डायल 112 को कॉल कर उपचार हेतु हास्पिटल भेज कर घायल की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मनोज वर्मा पिता स्व. राजू वर्मा राजेन्द्र नगर जिला रायपुर दिनांक 01 नवम्बर 2024 को एमएमआई चौंक के ओव्हर ब्रिज के उपर से जा रहा था कि मो.सा. चालक घायल अवस्था में पड़ा था जिसे तत्काल डायल 112 को कॉल कर बुलाया व उपचार हेतु हास्पिटल भेज कर घायल की जान बचान में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री सूरज कुमार शाह पिता श्री भूपेन्द्र शाह ग्राम लखौली जिला रायपुर द्वारा 02 नवम्बर को रात्रि लगभग 09:15 बजे रिंग रोड नं-3 में ग्राम तुलसी के पास मो0सा0 चालक व सवार व्यक्ति मवेशी से टकराकर एक्सीडेंट होकर रोड किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले जिसे तत्काल डायल 112 को कॉल कर बुलाकर उपचार हेतु हास्पिटल भेजकर जान बचान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदाय करने के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा उक्त सभी गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) को भविष्य में भी इसी प्रकार से घायलों की सहायता करते रहने एवं अपने आस-पास के लोगों को भी घायलों की जान बचाने हेतु आगे आने के लिए प्रेरित करने कहा गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी गणों को इनके द्वारा किये गये उत्कृष्ठ कार्य का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु शहर के प्रमुख चौक-चौराहा जयस्तंभ चौंक, कलेक्ट्रेट गेट, मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब, श्रीराम मंदिर के पास एवं बस स्टैण्ड भाठागांव में होर्डिंग लगाने निर्देशित किया गया। उक्त सम्मान कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रायपुर श्री कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. अनुराग झा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर श्री गुरजीत सिंह, श्री सुशांतो बनर्जी एवं श्री सतीश ठाकुर उपस्थित रहें।

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 106 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 20.53 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 23 हजार 790 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है।




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354